आज का विचार
जिस व्यक्ति के पास संतुष्टि नहीं है उसे कितना भी मिल जाए वह कभी संतुष्ट नहीं होगा।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का





सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । शुक्रवार, 18 अक्तूबर, 2024 वर्ष 22, अंक 256, मूल्य: 3 रुपए RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com

# पीएम मोदी की उपस्थिति में नायब सिंह सैनी ने लगातार दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर ली शपथ

## 11 कैबिनेट और 2 राज्य मंत्रियों ने भी ली शपथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय मंत्रीगण व भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने की शिरकत




भूपेंद्र शर्मा
चंडीगढ़

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आज हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने श्री नायब सिंह सैनी को लगातार दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर 11 कैबिनेट मंत्रियों और 2 राज्य मंत्रियों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों में श्री अनिल विज, श्री कृष्ण लाल पंवार, श्री राव नरबीर सिंह, श्री महिपाल ढांडा, श्री विपुल गोयल, डॉ अरविंद कुमार शर्मा, श्री श्याम सिंह राणा, श्री रणबीर गंगवा, श्री कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी तथा कुमारी आरती सिंह राव शामिल हैं। इनके अलावा, श्री राजेश नागर तथा श्री गौरव गौतम ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

जिला पंचकूला में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा, ऊर्जा एवं हाउसिंग और अर्बन अफेयर्स मंत्री श्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री चिराग पासवान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री जीतनराम मांझी तथा मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह भी उपस्थित रहे। इनके अलावा, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, श्री कृष्ण पाल गुज्जर, श्री राम दास अठावले, श्री जयंत चौधरी, श्रीमती अनुप्रिया पटेल, श्री सत्यपाल सिंह बघेल भी मौजूद रहे।

समारोह में पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री सी. वी. आनंद बोस, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर श्री विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने शपथ समारोह का संचालन किया। समारोह में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली।

शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, मणिपुर के मुख्यमंत्री श्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह, मेघालय के मुख्यमंत्री श्री कॉनराड संगमा, नागालैंड के मुख्यमंत्री श्री नेफ्यू रियो, ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी, सिक्किम के मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग (गोले), त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके अलावा, भाजपा शासित राज्यों के उप मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

विधानसभा चुनाव में लाडवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए श्री नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे चुके हैं और उन्होंने करनाल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वे कुरुक्षेत्र से सांसद व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इससे पहले वे वर्ष 2014 में नारायणगढ़ से विधायक रहे और हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री रहे। 25 जनवरी 1970 को अंबाला के मिजार्पुर माजरा गांव में जन्मे श्री नायब सिंह सैनी ने बीए व एलएलबी की डिग्री हासिल की है। समारोह में मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के परिवारजन भी शामिल हुए।

## इन्हें मिली मंत्री पद की जिम्मेदारी

### अनिल विज

हरियाणा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल विज सातवीं बार विधायक बने हैं। हालांकि, नायब सैनी जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब अनिल विज को कैबिनेट मिनिस्टर नहीं बनाया गया था। लेकिन मनोहर लाल सरकार में अनिल विज गृह और स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं। 1990 में जब सुषमा स्वराज राज्यसभा के लिए चुनी गईं तो अंबाला छावनी की सीट खाली हो गई। अनिल विज ने बैंक की नौकरी से इस्तीफा दे दिया और सुषमा स्वराज की सीट से उपचुनाव लड़े।

### कृष्ण लाल पंवार

कृष्ण लाल पंवार को नायब सिंह सैनी के दूसरे कार्यकाल में मंत्री बनाया गया। बीजेपी के कद्दावर दलित नेता पंवार इसराना विधानसभा सीट से छठी बार विधायक बने हैं। 2015 से 2019 तक भी वह हरियाणा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। मनोहर सरकार में परिवहन, आवास, जेल मंत्री रह चुके हैं।

### राव नरबीर सिंह

राव नरबीर 25 साल की उम्र में मंत्री बने थे। वो सबसे क्रम उम्र में हरियाणा के गृह राज्य मंत्री बने थे। राज्य की कई सीटों से चुनाव लड़ चुके हैं। वह पहली बार जाटूसाना से जीते थे। राव इंद्रजीत सिंह के बाद राव नरबीर को अहीरवाल का नेता माना जाता है। 2014 में भी मनोहर सरकार में भी वह मंत्री रहे थे।

### महिपाल ढांडा

पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा को मंत्री पद मिला है। वो लगातार दूसरी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की टीम में शामिल हो गए हैं। वे युवा मोर्चा का प्रदेशाध्यक्ष और भाजपा के किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष और प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। वह 2014 से लगातार चुनाव जीत रहे हैं।

### विपुल गोयल

सैनी सरकार में विपुल गोयल ने मंत्री पद की शपथ ली। पूर्व की मनोहर सरकार में वे उद्योग मंत्री भी रह चुके हैं। 2014 के हरियाणा विधानसभा चुनावों में पार्टी ने ओल्ड फरीदाबाद सीट से इन्हें चुनाव लड़ाया। गोयल ने अपने पहले ही चुनाव में 48000 वोटों से जीत हासिल की। 2016 में मनोहर लाल ने विपुल को अपनी कैबिनेट में जगह दी. इन्हें उद्योग और पर्यावरण मंत्रालय सौंपा गया।

### अरविंद शर्मा

नायब सिंह सैनी के मंत्रिमंडल में शामिल होने वालों में गोहाना से विधायक अरविंद कुमार शर्मा भी शामिल हैं। डॉ. अरविंद शर्मा करनाल, सोनीपत और रोहतक से सांसद रहने के बाद गोहाना से विधायक बने हैं। 2019 में अरविंद शर्मा बीजेपी में शामिल हुए और 2019 में रोहतक लोकसभा सीट पर कांग्रेस के दीपेंद्र सिंह हुड्डा को हराया। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में वह दीपेंद्र हुड्डा से 345,298 मतों से हार गए।इससे पहले वह करनाल से कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं।

### श्याम सिंह राणा

श्याम सिंह राणा यमुनानगर के रादौर से विधायक हैं। 2009 और 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें 2014 में जीत हासिल कर विधायक बने थे। उन्हें मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में मुख्य संसदीय सचिव भी बनाया गया था. 2020 में उन्होंने किसान आंदोलन के चलते भारतीय जनता पार्टी को छोड़ दिया था।

### रणबीर गंगवा

पूर्व डिप्टी स्पीकर व हरियाणा सरकार के मंत्री रणबीर गंगवा ओबीसी समाज में बड़े लीडर के तौर पर जाने जाते हैं। वह एक बार राज्यसभा से सांसद रहे. दो बार नलवा से विधायक रहे, फिलहाल वे बरवाला से बीजेपी विधायक बने थे। 2019 में रणबीर गंगवा ने कांग्रेस के प्रत्याशी रणधीर पनिहार को हराया था। बीजेपी सरकार में उन्हें डिप्टी स्पीकर का पद दिया गया था।

### कृष्ण बेदी

कृष्ण बेदी 2014 के विधानसभा चुनाव में शाहाबाद क्षेत्र से बतौर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीते। उनको हरियाणा मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। लेकिन 2019 में वह शाहाबाद सीट से हार गए। 2024 में भाजपा ने उनको नरवाना विधानसभा से अपना प्रत्याशी बनाया और यहां पर उन्होंने जीत हासिल की।

### श्रुति चौधरी

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के परिवार से आने वालीं किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी तोशाम से विधानसभा चुनाव से पहले एक बार सांसद रह चुकी हैं। वह कांग्रेस की टिकट पर 2009 में लोकसभा चुनाव जीती थीं।

### आरती राव

पहली बार अटेली विधानसभा सीट से जीतकर पहुंचीं राव इंद्रजीत की बेटी आरती राव को भी मंत्री बनाया गया है। उन्होंने पिछली बार भी टिकट मांगा था, लेकिन उनको टिकट नहीं मिला।

### राजेश नागर

राजेश नागर को नायब सिंह सैनी के दूसरे कार्यकाल में मंत्री बनाया गया। विधानसभा चुनाव में उन्होंने तिगांव सीट सीट से जीत हासिल की। फरीदाबाद की तिगांव सीट से बीजेपी विधायक राजेश नागर ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले हैं। वह लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं।

### गौरव गौतम

गौरव गौतम ने 2024 के विधानसभा चुनाव में पलवल सीट सीट से जीत हासिल की। गौरव गौतम ब्राह्मण समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली है. गौरव सबसे युवा मंत्री हैं जिन्हें केंद्रीय मंत्री कृष्ण सिंह गुर्जर का करीबी माना जाता है।

# मान सरकार का दिवाली का तोहफा; सहकारी बैंक के बड़े कर्जों पर एक माह के लिए प्रोसेसिंग फीस न लेने की घोषणा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



पंजाब राज्य सहकारी बैंक के खाताधारकों के लिए दिवाली का तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सभी बड़े कर्जों पर एक महीने के लिए प्रोसेसिंग फीस न लेने की घोषणा की है।

इसकी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली वह समय होता है जब लोग खरीदारी करते हैं और यह पेशकश बैंक के ग्राहकों को आने वाले त्योहारों को बड़े स्तर पर मनाने की सुविधा देने के लिए है। इस कदम का उद्देश्य सहकारी बैंकों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना भी है। उन्होंने कहा कि शून्य प्रोसेसिंग फीस सीमित समय के लिए है और यह 15 अक्टूबर से 15 नवंबर 2024 तक लागू रहेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पेशकश बैंक द्वारा चंडीगढ़ में अपनी 18 शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत, उपभोक्ता और वाहन ऋण की सुविधा देने के लिए शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पेशकश के तहत पंजाब राज्य सहकारी बैंक द्वारा त्योहारों के दौरान ग्राहकों को इन कर्जों पर प्रोसेसिंग फीस/शुल्क में छूट की पेशकश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बैंक सरकारी संस्थाओं के वेतनभोगी कर्मचारियों को उनकी सामाजिक-आर्थिक जरूरतों को पूरा करने और घरों के लिए टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद के लिए व्यक्तिगत और उपभोक्ता ऋण प्रदान कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने उदाहरण देते हुए कहा कि इस बैंक से सस्ती दरों पर वाहन ऋण प्राप्त कर कोई भी परिवार अपनी सपनों की कार की सवारी का आनंद ले सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से कोई भी ऋण लेने वाले ग्राहक को पेशकश की अवधि के दौरान व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता ऋण और वाहन ऋण के लिए कोई प्रोसेसिंग फीस/शुल्क अदा नहीं करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राहक इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए चंडीगढ़ स्थित पंजाब राज्य सहकारी बैंक की 18 शाखाओं में से किसी से भी संपर्क कर सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए लोगों से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

# राजग राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने, गरीबों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धः मोदी




एजेंसी
चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राष्ट्रीय उन्नति को आगे बढ़ाने तथा गरीबों एवं वंचितों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने सुशासन के पहलुओं और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय उन्नति को आगे बढ़ाने और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जे पी नड्डा इस बैठक में शामिल थे। राजग हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली जीत के सिलसिले को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में भी आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

# भगवान वाल्मीकि जी के दिखाए मार्ग पर चलकर समानता वाले समाज की रचना करेंगे: मान

## राज्य सरकार इस पवित्र धरती को और सुंदर बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी: मुख्यमंत्री

सिटी दर्पण

अमृतसर

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार भगवान वाल्मीकि जी के दिखाए मार्ग और उच्च आदर्शों पर चल रही है ताकि समानता वाले समाज की रचना की जा सके।

भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल (राम तीर्थ) अमृतसर में नतमस्तक होने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दोहराया कि भगवान वाल्मीकि जी संस्कृत भाषा के ₹पितामह₹ और विश्व के पहले कवि या आदिकवि थे, जिन्होंने अपनी अमर और महान रचना ₹रामायण₹ के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। भगवंत सिंह मान ने यह भी कहा कि यह महान महाकाव्य सदियों से लोगों को जीवन जीने की शिक्षा देता आ रहा है और लोगों के लिए नैतिक जीवन का प्रकाशस्तंभ रहा है, जो आज के भौतिकवादी युग में और भी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं ने आदर्श राज्य या समाज की रचना के लिए आदर्श व्यक्ति, आदर्श शासक और आदर्श नागरिकों के साथ-साथ समाज में समानता पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब महान गुरुओं, संतों, पीरों और पैगंबरों की धरती है और यह गर्व की बात है कि भगवान वाल्मीकि जी ने इसी पवित्र भूमि पर भगवान राम जी के पुत्रों लव और कुश को शिक्षा दी थी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें इस पवित्र धरती पर नतमस्तक होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पवित्र स्थल के व्यापक विकास के लिए संसाधन जुटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थल के और सौंदर्यीकरण के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे ताकि भगवान वाल्मीकि जी के जीवन और दर्शन का प्रचार हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई सुनिश्चित करने के लिए भगवान वाल्मीकि जी के पदचिह्नों पर चल रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में सांप्रदायिक सद्भाव, धार्मिक सौहार्द और शांति को और मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पवित्र धरती के सर्वांगीण विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है और इसके लिए हर उपाय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब में सीवर कर्मचारियों के साथ होने वाले अमानवीय व्यवहार को खत्म करने के लिए बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने का फैसला किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने सीवर कर्मचारियों की ड्यूटी को सुचारू रूप से चलाने के लिए नई मशीनरी खरीदी है।

सरकारी नौकरी में ठेका शब्द को खत्म करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पहले ही सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने के लिए नीति पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पहले ही एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है और जल्द ही इसके लिए व्यवहारिक योजना तैयार की जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह इस बात पर दृढ़ विश्वास रखते हैं कि केवल नेताओं के भाषणों से गरीबी दूर नहीं होगी, बल्कि आम आदमी को सशक्त करने से ही इसे समाप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही वह कुंजी है, जो लोगों का जीवन स्तर उठाकर गरीबी से बाहर निकाल सकती है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार आम आदमी के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज सरकारी स्कूलों के छात्र जे.ई.ई. और अन्य प्रतिष्ठित परीक्षाएं पास कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में भेजना आम आदमी की मजबूरी थी, लेकिन छह महीनों के भीतर यह उनका सपना बन जाएगा क्योंकि शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किया जा रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरे राज्य में ₹स्कूल ऑफ एमिनेंस₹ स्थापित किए गए हैं और इसी तरह सरकारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को भी अपग्रेड किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा पहले ही 860 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए जा चुके हैं, जिन्होंने दो करोड़ से अधिक लोगों का इलाज किया है और इनमें से 95 प्रतिशत लोग अब स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को उनके घरों के पास ही बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन क्लीनिकों ने राज्य में प्रचलित विभिन्न बीमारियों की पहचान करने और उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए एक डेटाबेस तैयार करने में भी सरकार की मदद की है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ₹सड़क सुरक्षा फोर्स₹ (एस.एस.एफ.) का 27 जनवरी, 2024 को जालंधर के पी.ए.पी. परिसर से शुभारंभ किया गया था और इसने अपनी स्थापना के आठ महीनों में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 45.03 प्रतिशत तक कम करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि फरवरी से सितंबर 2023 तक राज्य की सड़कों पर दुर्घटनाओं में 1454 लोग मारे गए थे, जबकि इस बल की शुरूआत के बाद फरवरी 2024 से सितंबर 2024 तक 794 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान गई। भगवंत सिंह मान ने बताया कि इस दौरान 15309 घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी जानमाल के नुकसान की स्थिति में एस.एस.एफ. महज छह से आठ मिनट में मौके पर पहुंच जाती है और यह फोर्स लोगों के लिए 'जीवन रक्षक' के रूप में उभर रही है।

# पराली में आग लगाने वालों पर प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई, 9 एफआईआर दर्ज

सिटी दर्पण

गुरदासपुर



जिला प्रशासन गुरदासपुर द्वारा पराली जलाने से रोकने के लिए जहां बड़े पैमाने पर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं पराली जलाने वाले किसानों के चालान काटने के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। डीसी उमा शंकर गुप्ता ने बताया कि जहां किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, वहीं सुप्रीम कोर्ट और ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी निदेशों को भी सख्ती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत वीला तेजा के 1 किसान के खिलाफ थाना फतेहगढ़ चूड़ियां, गांव रंगड़ नांगल के 1 किसान के खिलाफ थाना रंगड़ नंगल, गांव धीर और मरड़ के 1-1 किसान के खिलाफ, गांव सरचूर के 1 किसान के खिलाफ, गांव मसंदवाल के 2 किसानों के खिलाफ थाना सदर, गांव खहरा कलां और जांगला के 1-1 किसान के खिलाफ थाना घनीए-के-बांगर में केस दर्ज किया गया है।

डीसी ने आगे बताया कि किसानों को पराली जलाने के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के लिए गांव-गांव जाकर दौरा किया जा रहा है। पराली प्रबंधन के लिए जिले में कृषि यंत्र उपलब्ध हैं और उन्हें इस अभियान के तहत उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी प्रतिदिन गांवों में जाकर किसानों को अनुदानित मशीनरी का सही उपयोग कर पराली को खेतों में ही निस्तारित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. गांवों में पराली प्रबंधन के लिए बेलर उपलब्ध कराए गए हैं ताकि पराली को गांठें बनाकर बॉयलर इकाइयों में ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सके।

डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से अपील की कि वे पराली को जलाने की बजाय पंजाब सरकार द्वारा सब्सिडी पर दी गई मशीनरी का इस्तेमाल करके खेतों में ही इसका निपटान करें, जिससे न केवल भूमि के स्वास्थ्य में सुधार होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

# दीनानगर में कांग्रेस पक्ष 70 प्रतिशत पंचायतें विजेता रही: अरुणा चौधरी

सिटी दर्पण

गुरदासपुर



पंचायत चुनाव के दौरान दीनानगर हलके में कांग्रेस पक्ष 70 फीसदी पंचायतें विजयी रही हैं और लोकसभा चुनाव के बाद पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस की जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोग आम आदमी पार्टी सरकार से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। यह दावा दीनानगर की विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुणा चौधरी ने आज अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया। उन्होंने कहा कि वैसे तो चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया, लेकिन कई जगहों पर कुप्रबंधन के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार है। उन्होंने वड्डा मट्टम और कई अन्य गांवों का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान पहली बार देखा गया है कि सत्ताधारी दल से जुड़े लोग सत्ताधारी सरकार छोड़कर कांग्रेस से चुनाव लड़े और जीते। उन्होंने विजेता पंचायतों को बधाई भी दी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय की फटकार को देखते हुए जल्दबाजी में चुनाव कराने का निर्णय लिया, जिससे लोगों को तैयारी करने का भी समय नहीं मिला। लेकिन फिर भी पंचायत चुनाव पूरे उत्साह के साथ लड़े गए और जनता ने सत्ताधारी दल के बजाय कांग्रेस समर्थक उम्मीदवारों पर अपना विश्वास व्यक्त करके उन्हें विजेता बनाया है। जो कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि असल में आप सरकार जनता के बीच अपना विश्वास खो चुकी है और यही कारण है कि लोकसभा चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव में भी आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने 'आप' के हलका प्रभारी का नाम लिए बगैर कहा कि इस नेता की नीतियां लोगों को पसंद नहीं हैं ।

## संक्षिप्त-समाचार

### स्वस्थ पंजाब और नशा मुक्त पंजाब पर सेमिनार

फरीदकोट। तंदुरुस्त पंजाब से स्वास्थ्य विभाग सिविल सर्जन फरीदकोट और सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रत्ती रोड़ी डग्गो रूमाणा में नशा मुक्त पंजाब को लेकर जागरूकता सेमिनार हुआ। इस सेमिनार में मनोरोग समाज सेवा काउंसलर गुरनाम, सिविल अस्पताल फरीदकोट से विशेष तौर पर पहुंचे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती मनिंदर कौर द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मनोरोग परामर्शदाता स. गुरनाम सिंह ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और अपने मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार नशे के दुष्प्रभाव से हमारी आने वाली पीढ़ियां मर रही हैं और पारिवारिक समस्याएं बढ़ रही हैं, उन्होंने विद्यार्थियों से अच्छी आदतें अपनाकर पढ़ाई व जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने की अपील की, ताकि विद्यार्थी अपने प्रदेश व देश के लिए रोशनी की किरण बनकर काम कर सकें। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मनिंदर कौर ने सेमिनार में दी गई जानकारी से प्रश्नों का उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छी आदतें अपनाने के लिए भी कहा। स. धरमिंदर सिंह, डॉ. राजिंदर कौर, परमिंदर कौर, श्रीमती आंचल, स. बलजीत सिंह का इस सेमिनार को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

### स्पीकर संधवा ने नवनिर्वाचित पंचों को बधाई दी

फरीदकोट। स्पीकर पंजाब विधानसभा स. कुलतार सिंह संधवां ने कल हुए ग्राम पंचायत चुनावों में निर्वाचित पंचों और ग्रामीणों को बधाई दी और शांतिपूर्वक और बिना किसी लड़ाई के चुनाव कराने के लिए सभी मतदाताओं और पार्टी प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। स्पीकर संधवा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र की 10 पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गई हैं और बाकी पंचायतें भी बिना किसी पक्षपात या झगड़े के चुनी गई हैं। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी दबंगई की कोई खबर नहीं है और न ही किसी प्रत्याशी को एनओसी लेने में कोई परेशानी हुई है और न ही किसी का पर्चा खारिज हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत उम्मीदवार उनकी पार्टी के चुने गये हैं. उन्होंने कहा कि जीतना और हारना लोकतांत्रिक मूल्यों का खूबसूरत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित सरपंच को गांव के सर्वोत्तम विकास के साथ ग्रामीणों द्वारा जताए गए विश्वास को और परिपक्व करना चाहिए। उन्होंने बाकी प्रत्याशियों से भी अपील की कि वे आपसी दुश्मनी मिटाकर नफरत की आग को बुझाएं और गांव के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करें। गौरतलब है कि गांव संधवां में स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां के घर पर अलग-अलग गांवों की जीती हुई पंचायतें जुटी हुई हैं, घर में शादी जैसा माहौल है। इस अवसर पर एडवोकेट बीरिंदर सिंह संधवां, पीआरओ मनप्रीत सिंह धालीवाल, अमनदीप सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सी-पाइट कैंप हकुमत सिंह वाला में युवाओं को लिखित और शारीरिक की मुफ्त ट्रेनिंग के लिए कैंप जारी

फरीदकोट। सी-पाइट कैंप, फरीदकोट में हकुमत सिंह वाला, फिरोजपुर, फाजिल्का, श्री मुक्तसर साहिब और मोगा जिले के युवा अग्निवीर सेना, अग्निवीर वायु सेना, अग्निवीर नौसेना, अर्धसैनिक बल, सीआरपी एफ। बी.एस.एफ., एस.एससी. पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस में भर्ती के लिए लिखित और शारीरिक प्रशिक्षण चल रहा है। कुछ युवा इन बलों में शामिल होने के लिए लिखित और शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना चाहते हैं। उन युवाओं को पंजीकरण के लिए सी-पाइट कैंप, हकुमत सिंह वाला में सुबह 9 बजे से 11:30 बजे (सोमवार से शुक्रवार) के बीच जल्द से जल्द रिपोर्ट करना चाहिए। यह जानकारी ऑनरेरी कैप्टन (सेवानिवृत्त) गुरदर्शन सिंह, सी-पाइट कैंप के कैंप ट्रेनिंग ऑफिसर हकुमत सिंह (फिरोजपुर) ने दी। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि यूथ सी-पिट कैंप, हकुमत सिंह वाला में अपना नाम दर्ज करवाने/प्रशिक्षण लेने के लिए कैंप में आते समय दिल्ली पुलिस या उपरोक्त किसी भी भर्ती जैसे दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया हो। कॉपी न लगाने पर भी युवा प्रशिक्षण के लिए आ सकते हैं और आते समय 10वीं का मूल प्रमाण पत्र, 10वीं प्रमाण पत्र की फोटो स्टेट कॉपी, पंजाब रेजीडेंसी की फोटो स्टेट कॉपी, जाति प्रमाण पत्र की फोटो स्टेट कॉपी, फोटो लेकर आएं। आधार कार्ड की स्टेट कॉपी, बैंक खाते की फोटो स्टेट कॉपी और खाते की वर्तमान स्थिति में एक पासपोर्ट साइज फोटो, पेन की एक कॉपी, खाने के लिए बर्तन, रहने के लिए बिस्तर आदि लाएं। इसके अलावा युवाओं को शिविर में रहने के दौरान सरकार की ओर से मुफ्त भोजन और आवास दिया जाएगा और शारीरिक तैयारी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा

### जेएमके स्कूल में 19 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

पठानकोट। जेएमके इंटरनेशनल स्कूल पठानकोट की ओर से 19 अक्टूबर को स्कूल प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन प्रिंसिपल नीति कोछड़ की अध्यक्षता में किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल नीति कोछड़, ब्लड डोनर्स पठानकोट (रजि) के प्रधान कृष्ण मोहन और चेयरमैन रवनीत गढ़ ने बताया कि 19 अक्टूबर को जेएमके इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इस शिविर का आयोजन ब्लड डोनर्स पठानकोट (रजि) और लायंस क्लब पठानकोट की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस कैंप में अमनदीप हॉस्पिटल के माहिर डॉक्टरों की टीम शिरकत करेगी। उन्होंने युवाओं को इस रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि आपके द्वारा किया हुआ रक्तदान 3 जिंदगियां बचा सकता है। रक्तदान एक महादान है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि 19 अक्टूबर को जेएमके स्कूल में लगने वाले ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़ चढ़ कर भाग लें तथा पुण्य के भागी बनें।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का

न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा

स्व. गीता शर्मा

संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय

801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।

संपर्क: 7888450261

Email: citydarpan1@gmail.com

# विधायक पाहड़ा के प्रयासों से जीवनवाल बब्बरी में सर्विसलैन पर भरे गंदे पानी की चल रही समस्या का करवाया समाधान

सिटी दर्पण

गुरदासपुर



गांव बब्बरी के बाहर सर्विसलैन पर भरे गंदे पानी की पिछले लंबे समय से चल रही समस्या का वीरवार को हलका विधायक बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा के प्रयासों से समाधान कर दिया गया है। मौके पर पहुंच कर हलका विधायक बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा द्वारा संबंधित लोगों से बातचीत कर पानी की निकासी करवा दी गई, जबकि समस्या का पक्का समाधान करने के लिए नेशनल हाइवे अथारिटी को पत्र भी लिखा गया है। इस मौके पर नेशनल हाईवे अथारिटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर लखबीर सिंह भी मौजूद थे।

विधायक बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा ने बताया कि गांव बब्बरी के बाहर सर्विसलैन पर गंदे पानी की समस्या पिछले लंबे समय से बनी हुई थी। जिसे हल करवाने के लिए आसपास के गांवों के करीब 300 लोगों ने हस्ताक्षर कर उन्हें पत्र दिया था। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में जीवनवाल निवासी मनप्रीत सिंह का नेशनल हाइवे का साथ झगड़ा था, क्योंकि उसे हाइवे की ओर से अधिग्रहण की गई जमीन के पैसे नहीं मिले थे, लेकिन विधायक द्वारा मनप्रीत सिंह व नेशनल हाइवे अथारिटी के अधिकारियों ने बातचीत के बाद मसले को हल करवा दिया गया और मौके पर जाकर खड़े पानी को निकाल दिया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही जहां पर पक्का नाला बनाकर समस्या का पूरी तरह से समाधान कर दिया जाएगा।

विधायक पाहड़ा ने कहा कि इससे पहले पानी की निकासी करवाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा राजनीति करने के लिए धरना लगाया गया था, लेकिन लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि यहां से कुछ ही दूरी पर छप्पड़ पर अवैध कब्जा है। जिसे हटाने के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। अब लोक दिखावे व राजनीति के लिए धरना लगाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि अगर नीयत हो तो मिल बैठकर किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर गांव निवासी रणधीर सिंह, निशान सिंह, करनैल सिंह, सुखबीर सिंह, कुलदीप सिंह, रणजीत सिंह, बलविंदर सिंह, रवि, राजीव कुमार, पवन कुमार, कुलवंत सिंह आदि उपस्थित थे।

# पंजाब शक्ति टीम ने स्कूली बच्चों के साथ ग्लोबल हैंडवाश डे मनाया



सिटी दर्पण

गढ़शंकर

पंजाब की नॉर्थ शक्ति टीम द्वारा स्कूली छात्राओं के साथ ग्लोबल हैंडवाश डे मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर ऐएसएम अंकित शर्मा, अरुण जिंदल, सत्यम चौधरी, आरएसपी अमित जिंदल, और मुकेश सागर ने छात्राओं को घर और घर के बाहर दोनों जगह पर स्वच्छता अपनाने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों को लाइफ बॉय जागरूकता गतिविधियां के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि यदि हम स्वास्थ्य रहेंगे तो कोरोना जैसे वायरस से भी बचे रहेंगें। इस अवसर पर हिंदुस्तान यूनिलीवर की टीम के अलावा स्कूल की प्रिंसिपल व अन्य उपस्थित थे।

# ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए-एएसआई जसविंदर सिंह



सिटी दर्पण

गुरदासपुर

राहगीरों और वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों संबंधी जानकारी देने के लिए जिला ट्रैफिक पुलिस एजुकेशन सेल की ओर से पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के सामने सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें सेल के इंचार्ज एएसआई जसविंदर सिंह और एएसआई सुभाष चंद्र शामिल हुए।

एएसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगानी चाहिए। नशा करके कभी भी वाहन नहीं चलाना चाहिए। यदि कोई बच्चा 18 साल से कम आयु और बिना लाइसेंस के वाहन ड्राइव करता है, यदि उससे कोई एक्सीडेंट हो जाए तो इसके जिम्मेदार उसके माता-पिता होंगे या जिसका वाहन है, उस पर कार्रवाई की जाएगी। अब 16 से 18 साल के बच्चे भी अपने लाइसेंस बना सकते है और बिना गेयर वाहन चला सकते है। इस मौके पर वाहन चालक जसदेव सिंह, मोहन सिंह, कुलदीप कुमार, राजेश कुमार, सोनी, सुखदेव सिंह आदि उपस्थित थे।

## 32.78 करोड़ रुपए की लागत से नौ एकड़ भूमि में बनी यह परियोजना

# मान ने राम तीर्थ, अमृतसर में भगवान वाल्मीकि जी पैनोरमा किया समर्पित

सिटी दर्पण

अमृतसर



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वीरवार को भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ स्थल (राम तीर्थ) पर स्थित अत्याधुनिक भगवान वाल्मीकि जी पैनोरमा जनता को समर्पित किया। इस परियोजना को जनता को समर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व का पहला महाकाव्य रामायण, आदि कवि भगवान वाल्मीकि जी द्वारा लिखा गया था, जिन्होंने अपनी विद्वता और दर्शन से दुनिया को प्रकाशित किया। उन्होंने कहा कि अपनी किस्म के इस पहले पैनोरमा में तकनीक का जादू गहरे वृत्तांत से मेल खाता है, जो पर्यटकों के लिए एक दिव्य अनुभव प्रदान करता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पैनोरमा भव्यता, सरलता और वास्तुकला का बेहतरीन मिश्रण है और यह राज्य सरकार की ओर से भगवान श्री वाल्मीकि जी को विनम्र श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पैनोरमा कॉम्प्लेक्स 9 एकड़ भूमि में बनाया गया है और इसकी निर्माण लागत 32.78 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि यह पैनोरमा भगवान श्री वाल्मीकि जी को समर्पित है और महाकाव्य के श्लोकों के साथ उनके जीवन की कहानी को दर्शाता है। यह आधुनिक संग्रहालय भगवान वाल्मीकि जी के जीवन और योगदान को प्रदर्शित करने के लिए तकनीक का उपयोग करता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस पैनोरमा में कुल 14 गैलरी हैं, और प्रत्येक गैलरी भगवान श्री वाल्मीकि जी के जीवन और रामायण के विशेष पहलुओं को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 14 गैलरियों में स्वागत क्षेत्र, भगवान श्री वाल्मीकि जी के विशेष गुण, उनका जन्म और प्रारंभिक जीवन, आदि कवि (पहले कवि), पहला महाकाव्य, रामायण की रचना, रामायण की विशेषताएं, माता सीता और लव-कुश, योगेश्वर और संगीतेश्वर, संजीवनी विद्या के स्वामी, अश्वमेध यज्ञ, योग वशिष्ठ, भगवान वाल्मीकि जी नाम माला और उनके उपदेश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गैलरियों के अलावा, पैनोरमा में आगंतुकों के अनुभव को समृद्ध करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिसमें एक कैफेटेरिया, स्मारिका दुकान, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये सुविधाएं आगंतुकों के दौरे को और अधिक सुखद बनाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी पैनोरमा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संगम है, और यह भगवान श्री वाल्मीकि जी के जीवन और योगदान तथा रामायण महाकाव्य में रुचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पैनोरमा इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण है, जिसे दुर्लभ वास्तुकला और सरलता के साथ बनाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करेगी, बल्कि आगंतुकों के लिए एक शैक्षिक अनुभव भी प्रदान करेगी।

हरियाणा सरकार



"मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।"

- नरेन्द्र मोदी

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा

# हरियाणा सरकार का नव-गठन

## श्री नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल ने ली जन सेवा की शपथ



सुशासन, पारदर्शिता और विकास की विचारधारा पर अटूट विश्वास रखने के लिए

# हरियाणावासियों का हार्दिक आभार

फिर एक बार, डबल इंजन सरकार

## संपादकीय

# मुख्यमंत्री नायब सैनी की कैबिनेट में अनुभवी और युवा मंत्रियों के अनूठे संगम के साथ विभिन्न जातियों को प्रतिनिधित्व देने पर किया गया फोकस

हरियाणा विधान सभा चुनावों में तीसरी बार विजय पताका लहराने वाले भाजपा के कद्दावर नेता नायब सैनी ने आज पंचकूला में आयोजित भव्य समारोह में सीएम पद की शपथ ली और इनके साथ ही नवगठित कैबिनेट में 11 मंत्रियों और दो राज्य मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयत की शपथ ली। इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। साथ ही कहा, ह्यह्यसरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।ह्लह्लउन्होंने यह भी कहा कि ह्यमुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।ह्ल प्रदेश में 2.8 करोड़ लोगों का नेतृत्व करने वाले 54 वर्षीय सैनी और उनकी टीम ने प्रधानमंत्री को उनके ह्यप्रेरणादायक नेतृत्वह्ल के लिए धन्यवाद दिया। याद रहे हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जीतीं। हिसार की विधायक सावित्री जिंदल समेत तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा को समर्थन दिया है। हरियाणा में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 14 मंत्री हो सकते हैं। तेरह सदस्यीय नवगठित मंत्रिपरिषद में खास बात यह है कि इसमें पार्टी के सबसे वरिष्ठ और कद्दावर नेता अनिल विज, अहीर नेता राव नरबीर सिंह और जाट नेता महिपाल ढांडा तो शामिल हैं ही साथ में मंत्रिमंडल में राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी की बेटी व कांग्रेस की पूर्व नेता श्रुति चौधरी और पहली बार विधायक बनीं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह समेत दो महिलाएं भी हैं। इनके अलावा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ लेने वाले राजेश नागर और गौरव गौतम भी हैं। पांच ओबीसी, दो दलित, दो जाट दो ब्राह्मण समेत विभिन्न जातियों को प्रतिनिधित्व देने के अलावा, सैनी ने अहीरवाल पट्टी, जीटी रोड पट्टी और फरीदाबाद-पलवल क्षेत्र समेत विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं को भी मंत्रिमंडल में जगह दी है। भाजपा के श्याम सिंह राणा ने हरियाणा के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा, ह्यराज्य टीम वर्क है।ह्ल हम मुख्यमंत्री (नायब सिंह सैनी) द्वारा हमें दी गई सभी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे।ह्ल गर हम अंबाला कैंट से कद्दावर और अनुभवी 71 वर्षीय नेता अनिल विज की बात करें तो वे इस बार सातवीं बार विधायक बने हैं। उनकी राजनीति की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई, जब वे एसडी कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। इसके बाद वे 1970 में एबीवीपी के महासचिव बने और 1974 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी ज्वाइन की। इसी तरह राव नरबीर सिंह हरियाणा के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र बादशाहपुर के विधायक हैं। इन्होंने पहली बार साल 2014 में बादशाहपुर से जीते थे और मनोहर सरकार में मंत्री बने थे। कृष्णलाल पंवार इसराना के विधायक पंवार थर्मल की नौकरी छोड़कर राजनीति में उतरे थे। पंवार पिछली मनोहर सरकार में परिवहन मंत्री थे। 2019 में चुनाव हारने के बाद भाजपा ने राज्यसभा सांसद बनाया। 12 साल की नौकरी के बाद उन्होंने 1991 में पानीपत थर्मल पावर प्लांट में नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में 1991 का चुनाव असंध से लड़ा और पहली बार विधायक बने। महीपाल ढांडा पानीपत ग्रामीण विधानसभा में 2014 में भाजपा के टिकट पर पहली बार विधायक बने। उन्होंने 62074 वोट लेकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 36132 वोटों से हराया। फरीदाबाद से विधायक विपुल गोयल बड़े व्यापारी और उद्यमी हैं। वर्ष 2014 में उन्हें भारतीय जनता पार्टी का टिकट मिला और वे 44781 हजार मतों से विजयी रहे। 22 जुलाई 2016 में मनोहर लाल सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया। 2019 में विपुल गोयल की जगह भाजपा से फरीदाबाद में नरेंद्र गुप्ता को टिकट दी गई। जनवरी 2024 को उन्हें भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। सोनीपत के गोहाना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को पहली बार जीत दिलाने वाले डॉ. अरविंद शर्मा पहले केंद्रीय राजनीति में सक्रिय थे। डॉ. अरविंद शर्मा का राजनीतिक सफर 1996 में सोनीपत लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव जीतने के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद वे इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हो गए और करनाल से 2004 और 2009 में सांसद चुने गए। रादौर से भाजपा विधायक श्याम सिंह राणा ने दूसरी बार रादौर विधानसभा सीट से जीत दर्ज कर भाजपा को मजबूत किया है। श्याम सिंह राणा ने 2024 के विधानसभा चुनावों में 13,132 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इससे पहले 2014 में भी वे विधायक चुने गए थे और हरियाणा सरकार में मुख्य संसदीय सचिव की भूमिका निभाई थी। हिसार के बरवाला विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणबीर गंगवा ने 34 साल के राजनीतिक सफर में जमीन से उठकर मंत्री पद तक का सफर तय किया है। गंगवा ने 1990 में महज 26 साल की उम्र में अपने गांव में पंच का चुनाव लड़ा था, जिसे जीतकर उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरूआत की। इसके बाद 2000 में उन्होंने जिला परिषद का चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लेकिन 2005 में उन्होंने फिर से जिला परिषद का चुनाव जीतकर वाइस चेयरमैन का पद हासिल किया। वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार बेदी नरवाना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। इससे पहले मनोहरलाल सरकार में भी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 57 वर्षीय कृष्ण कुमार बेदी पिछले 20 वर्षों से भाजपा से जुड़े हुए हैं। 2014 में कुरुक्षेत्र के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। श्रुति चौधरी 2024 के विधानसभा चुनावों में पहली बार तोशाम की विधायक बनीं हैं। जून 2024 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता हासिल की थी। इससे पहले वह 2005 से राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्य रही हैं। कांग्रेस में रहते हुए उन्होंने 2009 से 2014 तक भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद चुना गया था। उनके पिता पूर्व कृषिमंत्री चौ सुरेंद्र सिंह और माता भाजपा से राज्यसभा सांसद किरण चौधरी हैं। नारनौल के अटेली विधान सभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक आरती राव अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी रही है। आरती ने 2001 तथा 2012 में शूटिंग वर्ल्ड कप में भाग लिया तथा चार बार एशियन चैंपियन में मेडल जीते। आरती ने 2017 में खेलों से संन्यास ले लिया और अटेली विधान सभा से पहली बार चुनाव लड़ा और बसपा के प्रत्याशी ठाकुर अतरलाल को 3000 मतों से शिकस्त देकर विधायक चुनी गई हैं। तिगांव के विधायक राजेश नागर वर्तमान में भतौला में रहते हैं और गुर्जर समाज से आते हैं। 36 साल के गौरव गौतम सबसे युवा मंत्री हैं। गौतम पलवल से विधायक हैं।

## आज का राशिफल


**मेष:** कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जाँच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।


**वृषभ:** दिन की शुरूआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुये नियमों की स्वतः अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन सम्बन्धी परेशानियों में घिरे रहेंगे।


**मिथुन:** प्रेम सम्बन्धों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।


**कर्क:** पाचन तन्त्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे क्ला मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिये परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।



**सिंह:** जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपञ्चों से आपको दूर रहना चाहिये। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।


**कन्या:** सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नये विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।



**तुला:** सन्तान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुँवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।


**वृश्चिक:** आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।


**धनु:** समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।


**मकर:** युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में सुधार होने की सम्भावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नये दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी।


**कुंभ:** आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिये कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।


**मीन:** यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। महत्वपूर्ण वस्तुओं को सँभाल कर रखें।

# वृन्दावन

## श्री कृष्ण की अलौकिक बाल लीलाओं का केन्द्र



वृन्दावन, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक व ऐतिहासिक नगर है। वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुडा हुआ है। यह स्थान श्री कृष्ण की कुछ अलौकिक बाल लीलाओं का केन्द्र माना जाता है। यहाँ विशाल संख्या में श्री कृष्ण और राधा रानी के मन्दिर हैं । बांके विहारी जी का मंदिर, श्री गरुड़ गोविंद जी का मंदिर व राधावल्लभ लाल जी का, ठा.श्री पर्यावरण बिहारी जी का मंदिर बड़े प्राचीन हैं । इसके अतिरिक्त यहाँ श्री राधारमण, श्री राधा दामोदर, राधा श्याम सुंदर, गोपीनाथ, गोकुलेश, श्री कृष्ण बलराम मन्दिर, पागलबाबा का मंदिर, रंगनाथ जी का मंदिर, प्रेम मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर, अक्षय पात्र, वैष्णो देवी मंदिर। निधि वन ,श्री रामबाग मन्दिर आदि भी दर्शनीय स्थान है। यह कृष्ण की लीलास्थली है। हरिवंशपुराण, श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण आदि में वृन्दावन की महिमा का वर्णन किया गया है। कालिदास ने इसका उल्लेख रघुवंश में इंदुमती-स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिपति सुषेण का परिचय देते हुए किया है इससे कालिदास के समय में वृन्दावन के मनोहारी उद्यानों के अस्तित्व का भान होता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार गोकुल से कंस के अत्याचार से बचने के लिए नंदजी कुटुंबियों और सजातीयों के साथ वृन्दावन में निवास के लिए आये थे। विष्णु पुराण में इसी प्रसंग का उल्लेख है। विष्णुपुराण में भी वृन्दावन में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन है। वर्तमान में टटिया स्थान, निधिवन, सेवाकुंज, मदनटेर, बिहारी जी की बगीची, रामबाग, लता भवन (प्राचीन नाम टेहरी वाला बगीचा) आरक्षित वनी के रूप में दर्शनीय हैं। निधि वन श्री बांके बिहारी जी मन्दिर से करीब में ही है। यहां की मान्यता है कि यहीं भगवान कृष्ण गोपियों संग रास रचाते थे। लोक किंवदंती है कि आज भी रात में रास रचाते हैं।

### प्राचीन वृन्दावन

कहते है कि वर्तमान वृन्दावन असली या प्राचीन वृन्दावन नहीं है। श्रीमद्भागवत के वर्णन तथा अन्य उल्लेखों से जान पड़ता है कि प्राचीन वृन्दावन तो गोवर्धन के निकट कहीं था। यह तब गोवर्धन-धारण की प्रसिद्ध कथा की स्थली वृन्दावन पारसौली (परम रासस्थली) के निकट था। अष्टछाप कवि महाकवि सूरदास इसी ग्राम में दीर्घकाल तक रहे थे। सूरदास जी ने वृन्दावन रज की महिमा के वशीभूत होकर गाया है-हम ना भई वृन्दावन रेणु।

### ब्रज का हृदय

मथुरा को 'ब्रज का हृदय' कहते है जहाँ श्री राधाकृष्ण ने अपनी दिव्य लीलाएँ की हैं। इस पावन भूमि को पृथ्वी का अति उत्तम तथा परम गुप्त भाग कहा गया है। पद्म पुराण में वृंदावन को भगवान का साक्षात शरीर, पूर्ण ब्रह्म से सम्पर्क का स्थान तथा सुख का आश्रय बताया गया है। इसी कारण से यह अनादि काल से भक्तों की श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। चैतन्य महाप्रभु, स्वामी हरिदास, श्री हितहरिवंश, महाप्रभु वल्लभाचार्य आदि अनेक गोस्वामी भक्तों ने इसके वैभव को सजाने और संसार को अनश्वर सम्पति के रूप में प्रस्तुत करने में जीवन लगाया है। ब्रज में आए गोस्वामी भक्तो ने अपनी यात्रा की शुरूआत मथुरा में स्थित विश्राम घाट से की है यही श्री कृष्ण के कुंडल और मुकुट आज भी विराजमान है यहाँ आनन्दप्रद युगलकिशोर श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा की अद्भुत नित्य विहार लीला होती रहती है।

### महाप्रभु चैतन्य का प्रवास

15वीं शती में चैतन्य महाप्रभु ने अपनी ब्रजयात्रा के समय वृन्दावन तथा कृष्ण कथा से संबंधित अन्य स्थानों को अपने अंतर्ज्ञान द्वारा पहचाना था। रासस्थली, वंशीवट से युक्त वृन्दावन सघन वनों में लुप्त हो गया था। कुछ वर्षो के पश्चात शाण्डिल्य एवं भागुरी ऋषि आदि की सहायता से श्री कृष्ण के पौत्र वज्रनाभ ने कहीं श्रीमन्दिर, कहीं सरोवर, कहीं कुण्ड आदि की स्थापनाकर लीला-स्थलियों का प्रकाश किया। किन्तु लगभग साढ़े चार हजार वर्षो के बाद ये सारी लीला-स्थलियाँ पुनः लुप्त हो गईं, महाप्रभु चैतन्य ने तथा श्री रूप-सनातन आदि अपने परिकारों के द्वारा लुप्त श्रीवृन्दावन और ब्रजमंडल की लीला-स्थलियों को पुनः प्रकाशित किया। श्री चैतन्य महाप्रभु के पश्चात उन्हीं की विशेष आज्ञा से श्री लोकनाथ और श्री भूगर्भ गोस्वामी, श्री सनातन गोस्वामी, श्री रूप गोस्वामी, श्री गोपालभट्ट गोस्वामी, श्री रघुनाथ भट्ट गोस्वामी, श्री रघुनाथदास गोस्वामी, श्री जीव गोस्वामी आदि गौड़ीय वैष्णवाचार्यो ने विभिन्न शास्त्रों की सहायता से, अपने अथक परिश्रम द्वारा ब्रज की लीला-स्थलियों को प्रकाशित किया है। वर्तमान वृन्दावन में प्राचीनतम मंदिर मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल में राजा मानसिंह का बनवाया हुआ है। यह था। मूलतः यह मंदिर सात मंजिलों का था। ऊपर के दो खंड औरंगजेब ने तुड़वा दिए थे। किम्वदंती है इस मंदिर के सर्वोच्च शिखर पर जलने वाले दीप मथुरा से दिखाई पड़ते थे। यहाँ का अन्य विशाल मंदिर दाक्षिणत्य शैली में बना हुआ रंगजी के नाम से प्रसिद्ध है। इसके गोपुर बड़े विशाल एवं भव्य हैं। यह मंदिर दक्षिण भारत के श्रीरंगम के मंदिर की अनुकृति जान पड़ता है। वृन्दावन के दर्शनीय स्थल हैं- निधिवन (हरिदास का निवास कुंज), कालियादह, सेवाकुंज आदि।

### प्राकृतिक छटा

वृन्दावन की प्राकृतिक छटा देखने योग्य है। यमुना नदी ने इसको तीन ओर से घेर रखा है। किसी समय यहाँ के सघन कुंजो में भाँति-भाँति के पुष्पों से शोभित लता तथा ऊँचे-ऊँचे घने वृक्ष मन में उल्लास भरते थे । बसंत ॠतु के आगमन पर यहाँ की छटा और सावन-भादों की हरियाली आँखों को शीतलता प्रदान करती है।

### वृंदावन का जन्म

द्वापरयुग के आरम्भ में जब पृथ्वी पर बहुत पाप बढ़ने लगा तो सभी देवता भगवान के पूर्णावतार वामन रूप के बाये चरण के अंगूठे के नख से फटे ब्रह्माण्ड के ऊपर हुए छिद्र से बाहर निकल कर ( नासा और विज्ञान जिसे ब्लैक होल कहता है) जब ऊपर स्थित गोलोक (गेलेक्सी) में गये तो वहाँ पर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ।

**वामपादां गुष्ठनखभिन्न ब्रह्मांडमस्तके॥**
**श्रीवामनस्यविवरे ब्रह्मद्रवसमाकुले ॥**

उसी गोलोक में गोवर्धन पर्वत के संग वृंदावन भी शोभित था, ये सभी ने देखा।

**अथदेवगणाः सर्वगोलोकंददृशुः परम ।।**
**तत्रगोवर्द्धनोनामगिरिराजोविराजते ॥**
**वृन्दावनंभ्राजमानंदिष्यद्रुमलताकुलम ॥**
**चित्र- पक्षिमधुव्रातैवेर्शीवटविराजितम ॥**

आगे वर्णन आता है कि वही से श्री राधा जी के कहने पर भगवान श्री कृष्ण ने अपने उस धाम से चौरासी कोस की वृजभूमि, गोवर्धन पर्वत और यमुना नदी, इन सब को नीचे पृथ्वी लोक में लीला करने हेतु भेजा। यह वृंदावन वही से आया हुआ वृंदावन है। तभी तो इसकी रज बहुत अमूल्य है। आगे श्रीकृष्ण आगे कहते हैं कि कभी भी वृंदावन की कण नहीं लानी चाहिए और अगर कोई लाना चाहता है तो उसे उस रज के बराबर का स्वर्ण वहीं पर दान करना चाहिए। वृंदावन के कण-कण में राधामाधव निवास करते हैं, ये यूँही ही नहीं कहा जाता।

वृंदावन का उल्लेख ऋषि श्रीपराशर दारा रचित श्रीविष्णुपुराण में भी बहुत बार किया गया है। इसके अनुसार वहाँ की भूमि काक तथा भास इत्यादि पक्षियों से व्याप्त थी। बगुलों की पंक्तियाँ वहाँ सुशोभित रहती थी। श्रीकृष्ण और बलराम के संग वहाँ पर मयूर और चातकगण सुशोभित रहते थे। गोप और गोपियाँ कदम्ब पुष्पों से स्वयं का श्रृंगार करते थे।

वहाँ पर रह कर भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन-धारण (ग्यारहवाँ अध्याय) इत्यादि बहुत सी लीलाओं को पूर्ण किया। यमुना नदी वहीं पास में ही बहती थी। प्रसिद्ध कालियानाग की लीला भी वहीं यमुना में हुई थी। यही वर्णन श्रीहरिवंशपुराण के विष्णुपर्व के पंचम अध्याय में भी आया है।

श्री मद् भागवत महापुराण के ग्यारहवें अध्याय में श्री शुकदेव राजा परीक्षित को बताते हैं कि जब श्रीकृष्ण के बाबा नंद ने देखा कि मथुरा में बहुत उत्पात होने लगे हैं तो वे सबको साथ लेकर वृंदावन महावन जाने का फैसला करते हैं। उन्होंने सुना भी था कि वृंदावन के पास में एक बहुत बड़ा पर्वत भी है। वहाँ प्रत्येक ॠतु में सुख ही सुख रहता है। गायों के लिए वहाँ चारा भी बहुत है। तो सब लोग नंद बाबा के संग वृंदावन में आ कर रहने लगे। जहां पर आगे चल कर भगवान श्रीकृष्ण बहुत सी लीलाओं को करते हैं।

# वृन्दावन में यमुना के घाट

### वृन्दावन में श्रीयमुना के तट पर अनेक घाट हैं। उनमें से कुछ प्रसिद्ध घाट हैं:

**श्रीवराहघाट-** वृन्दावन के दक्षिण-पश्चिम दिशा में प्राचीन यमुनाजी के तट पर श्रीवराहघाट अवस्थित है। तट के ऊपर भी श्रीवराहदेव विराजमान हैं। पास ही श्रीगौतम मुनि का आश्रम है।

**कालीयदमनघाट-** इसका नामान्तर कालीयदह है। यह वराहघाट से लगभग आधे मील उत्तर में प्राचीन यमुना के तट पर अवस्थित है। यहाँ के प्रसंग के सम्बन्ध में पहले उल्लेख किया जा चुका है। कालीय को दमन कर तट भूमि में पहुँच ने पर श्रीकृष्ण को ब्रजराज नन्द और ब्रजेश्वरी श्री यशोदा ने अपने आसुँओं से तर-बतरकर दिया तथा उनके सारे अंगो में इस प्रकार देखने लगे कि 'मेरे लाला को कहीं कोई चोट तो नहीं पहुँची है।' महाराज नन्द ने कृष्ण की मंगल कामना से ब्राह्मणों को अनेकानेक गायों का यहीं पर दान किया था।



**सूर्यघाट-** इसका नामान्तर आदित्यघाट भी है। गोपालघाट के उत्तर में यह घाट अवस्थित है। घाट के ऊपर वाले टीले को आदित्य टीला कहते हैं। इसी टीले के ऊपर श्रीसनातन गोस्वामी के प्राणदेवता श्री मदन मोहन जी का मन्दिर है। उसके सम्बन्ध में हम पहले ही वर्णन कर चुके हैं। यहीं पर प्रस्कन्दन तीर्थ भी है।

**युगलघाट-** सूर्य घाट के उत्तर में युगलघाट अवस्थित है। इस घाट के ऊपर श्री युगलबिहारी का प्राचीन मन्दिर शिखरविहीन अवस्था में पड़ा हुआ है। केशी घाट के निकट एक और भी जुगल किशोर का मन्दिर है। वह भी इसी प्रकार शिखरविहीन अवस्था में पड़ा हुआ है।

**श्रीबिहारघाट-** युगलघाट के उत्तर में श्रीबिहारघाट अवस्थित है। इस घाट पर श्रीराधाकृष्ण युगल स्नान, जल विहार आदि क्रीड़ाएँ करते थे।

**श्रीआंधेरघाट-** युगलघाट के उत्तर में यह घाट अवस्थित हैं। इस घाट के उपवन में कृष्ण और गोपियाँ आँखमुदौवल की लीला करते थे। अर्थात गोपियों के अपने करपल्लवों से अपने नेत्रों को ढक लेने पर श्रीकृष्ण आस-पास कहीं छिप जाते और गोपियाँ उन्हें ढूँढ़ती थीं। कभी श्रीकिशोरी जी इसी प्रकार छिप जातीं और सभी उनको ढूँढ़ते थे।

**इमलीतला घाट-** आंधेरघाट के उत्तर में इमलीघाट अवस्थित है। यहीं पर श्रीकृष्ण के समसामयिक इमली वृक्ष के नीचे महाप्रभु श्रीचैतन्य देव अपने वृन्दावन वास काल में प्रेमाविष्ट होकर हरिनाम करते थे। इसलिए इसको गौरांगघाट भी कहते हैं।

**श्रृंगारघाट-** इमलीतला घाट से कुछ पूर्व दिशा में यमुना तट पर श्रृंगारघाट अवस्थित है। यहीं बैठकर श्रीकृष्ण ने मानिनी श्रीराधिका का श्रृंगार किया था। वृन्दावन भ्रमण के समय श्रीनित्यानन्द प्रभु ने इस घाट में स्नान किया था तथा कुछ दिनों तक इसी घाट के ऊपर श्रृंगारवट पर निवास किया था।

**श्रीगोविन्दघाट-** श्रृंगारघाट के पास ही उत्तर में यह घाट अवस्थित है। श्रीरासमण्डल से अन्तर्धान होने पर श्रीकृष्ण पुनः यहीं पर गोपियों के सामने आविर्भूत हुये थे।

**चीर घाट -** कौतु की श्रीकृष्ण स्नान करती हुई गोपिकुमारियों के वस्त्रों को लेकर यहीं कदम्ब वृक्ष के ऊपर चढ़ गये थे। चीर का तात्पर्य वस्त्र से है। पास ही कृष्ण ने केशी दैत्य का वध करने के पश्चात यहीं पर बैठकर विश्राम किया था। इसलिए इस घाटका दूसरा नाम चैन या चयनघाट भी है। इसके निकट ही झाड़ूमण्डल दर्शनीय है।

**श्रीभ्रमरघाट-** चीरघाट के उत्तर में यह घाट स्थित है। जब किशोर-किशोरी यहाँ क्रीड़ा विलास करते थे, उस समय दोनों के अंग सौरभ से भँवरे उन्मत्त होकर गुंजार करने लगते थे। भ्रमरों के कारण इस घाट का नाम भ्रमरघाट है।

**श्रीकेशीघाट-** श्रीवृन्दावन के उत्तर-पश्चिम दिशा में तथा भ्रमरघाट के उत्तर में यह प्रसिद्ध घाट विराजमान है। इसका हम पहले ही वर्णन कर चुके हैं।

**धीरसमीरघाट-** श्रीचीर घाट वृन्दावन की उत्तर-दिशा में केशीघाट से पूर्व दिशा में पास ही धीरसमीरघाट है। श्रीराधाकृष्ण युगल का विहार देखकर उनकी सेवा के लिए समीर भी सुशीतल होकर धीरे-धीरे प्रवाहित होने लगा था।

**श्रीराधाबागघाट-** वृन्दावन के पूर्व में यह घाट अवस्थित है। इसका भी वर्णन पहले किया जा चुका है।

**श्रीपानीघाट-** इसी घाट से गोपियों ने यमुना को पैदल पारकर महर्षि दुवार्सा को सुस्वादु अन्न भोजन कराया था।

**आदिबद्रीघाट-** पानीघाट से कुछ दक्षिण में यह घाट अवस्थित है। यहाँ श्रीकृष्ण ने गोपियों को आदिबद्री नारायण का दर्शन कराया था।

**श्रीराजघाट-** आदि-बद्रीघाट के दक्षिण में तथा वृन्दावन की दक्षिण-पूर्व दिशा में प्राचीन यमुना के तट पर राजघाट है। यहाँ कृष्ण नाविक बनकर सखियों के साथ श्री राधिका को यमुना पार करात थे। यमुना के बीच में कौतुकी कृष्ण नाना प्रकार के बहाने बनाकर जब विलम्ब करने लगते, उस समय गोपियाँ महाराजा कंस का भय दिखलाकर उन्हें शीघ्र यमुना पार करने के लिए कहती थीं। इसलिए इसका नाम राजघाट प्रसिद्ध है।

# मुर्मू ने मॉरिटानिया के राष्ट्रपति से मुलाकात की कर संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की

## 1960 में अफ्रीकी देश मॉरिटानिया के स्वतंत्र होने के बाद किसी भारतीय नेता की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है

एजेंसी
नुआकशोत (मॉरिटानिया)

भारत और मॉरिटानिया ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अफ्रीकी देश की यात्रा के दौरान राजनयिक प्रशिक्षण और वीजा छूट सहित कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रपति मुर्मू ने बृहस्पतिवार को नुआकशोत स्थित राष्ट्रपति भवन में मॉरिटानिया के अपने समकक्ष मोहम्मद औलद गजौनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपने संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। मुर्मू अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार को यहां पहुंचीं। 1960 में अफ्रीकी देश मॉरिटानिया के स्वतंत्र होने के बाद किसी भारतीय नेता की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। राष्ट्रपति के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'राष्ट्रपति

**राष्ट्रपति मुर्मू और गजौनी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए**

द्रौपदी मुर्मू ने नुआकशोत स्थित राष्ट्रपति भवन में मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद गजौनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संबंधों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की।' पोस्ट में लिखा है, 'इस अवसर पर राजनयिकों के प्रशिक्षण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वीजा छूट और विदेश कार्यालय परामर्श के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान-प्रदान किया गया।' राष्ट्रपति मुर्मू और गजौनी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मुर्मू ने बुधवार को मॉरिटानिया की राजधानी में भारतीय



समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया। मेजबान देश के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं भारतीय समुदाय को सदैव समर्थन देने के लिए मॉरिटानिया की सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करती हूं।' भारत-मॉरिटानिया सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में मॉरिटानिया के विकास में योगदान दे सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू के नुआकशोत-ओमटौन्सी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मॉरिटानिया के उनके समकक्ष मोहम्मद औलद गजौनी ने उनका स्वागत किया। उनके कार्यालय ने बताया कि उनका औपचारिक स्वागत किया गया। मॉरिटानिया में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन हैं जो भारत के बढ़ते उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं। मुर्मू अल्जीरिया की सफल यात्रा के बाद यहां पहुंचीं, जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अल्जीरियाई समकक्ष अब्देलमजीद तेब्बौने के साथ बातचीत की। बाद में वह अपनी यात्रा के अंतिम चरण में मलावी जाएंगी।

# कांदा एक्सप्रेस' से 20 अक्तूबर को दिल्ली आएगा 1,600 टन प्याज

एजेंसी
नई दिल्ली

सरकार त्योहारों के मद्देनजर प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए बफर स्टॉक (भंडार) से 1,600 टन प्याज पहली बार महाराष्ट्र से दिल्ली तक रेलवे के जरिये पहुंचाएगी। प्याज के लिए रेल का इस्तेमाल किए जाने की यह पहली पहल होगी। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 'कांदा एक्सप्रेस' नाम की विशेष ट्रेन महाराष्ट्र के लासलगांव रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और 20 अक्तूबर को दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। सरकार को उम्मीद है कि इस आपूर्ति से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी, जहां बफर स्टॉक का प्याज वर्तमान में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। वर्तमान में विभिन्न शहरों में प्याज की खुदरा कीमतें 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। खरे ने कहा, 'यह एक ऐतिहासिक पहल है।' उन्होंने कहा कि इसी तरह की व्यवस्था लखनऊ, वाराणसी और असम, नगालैंड तथा मणिपुर सहित पूर्वोत्तर राज्यों में भी की जाएगी। सरकार नुकसान को कम करने के लिए 'सीलबंद कंटेनर' परिवहन के लिए लॉजिस्टिक कंपनी कॉनकॉर्ड के साथ भी बातचीत कर रही है। थोक कीमतें कम करने के लिए प्याज की नीलामी मौजूदा बाजार दरों पर की जाएगी।

सचिव ने कहा कि यह निर्णय लागत प्रभावी और कुशल उपाय है। उन्होंने कहा कि नासिक से दिल्ली तक एक ट्रेन (56 ट्रकों के बराबर) के परिवहन पर रेल द्वारा 70.20 लाख रुपये का खर्च आता है, जबकि सड़क मार्ग से 84 लाख रुपये का खर्च आता है। इस प्रकार प्रति ट्रेन 13.80 लाख रुपये की बचत होती है। सरकार पांच सितंबर से मोबाइल वैन, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) तथा भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) दुकानों, ई-कॉमर्स मंच, मदर डेयरी की



सफल दुकानों और केन्द्रीय भंडार सहित विभिन्न माध्यमों से भंडार में रखे प्याज को रियायती दरों पर बेच रही है। खुदरा कीमतें कम करने के लिए अपनी कार्रवाई तेज करते हुए दिवाली से पहले 'मोबाइल वैन' की संख्या 600 से बढ़ाकर 1,000 कर दी जाएगी। सचिव ने कहा कि बफर स्टॉक के 4.7 लाख टन प्याज में से 91,960 टन एनसीसीएफ तथा नेफेड को आवंटित किया गया है। वहीं 86,000 टन गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और मणिपुर सहित विभिन्न राज्यों को भेजा गया है। इन उपायों और महाराष्ट्र से अपेक्षित ताजा फसल की आवक के साथ सरकार मूल्य स्थिरीकरण को लेकर आशान्वित है। भंडार से प्याज का औसत खरीद मूल्य 28 रुपये प्रति किलोग्राम है। संवाददाता सम्मेलन में एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक अनिस जोसेफ चंद्रा, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव अनुपम मिश्रा और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत की लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर एकल अंक में आएगी: गडकरी

एजेंसी
नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की 'लॉजिस्टिक' लागत अगले दो साल में घटकर एकल अंक में आ जाएगी। नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है, जिससे भारत की लॉजिस्टिक लागत को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, 'दो साल के भीतर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत को नौ प्रतिशत तक कम करने जा रहे हैं।' आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच थी। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैवईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं



हैं। उन्होंने कहा कि निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन क्षेत्र में, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने साथ ही कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय मोटर वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले वर्ष जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोटर वाहन बाजार बन गया था और केवल अमेरिका तथा चीन से पीछे था। गडकरी ने कहा कि भारत के मोटर वाहन उद्योग का आकार 2014 में 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 18 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा।

# ईडी ने जीएसटी धोखाधड़ी मामले में गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 'धोखाधड़ी' से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में एक पत्रकार सहित 200 लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किए जाने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार 'द हिंदू' के पत्रकार महेश लांगा एक प्रमुख अखबार में काम करते हैं और उनसे से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि ईडी कथित जीएसटी धोखाधड़ी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। जांच एजेंसी मामले में व्यापक साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

# डीपीसीसी ने दिल्ली में निर्माण परियोजनाओं के लिए अनिवार्य धूल नियंत्रण से संबंधित पोर्टल शुरू किया

एजेंसी
नई दिल्ली

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने 'डस्ट पॉल्यूशन कंट्रोल सेल्फ-असेसमेंट' पोर्टल शुरू किया है जिस पर राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण एवं तोड़फोड़ संबंधी सभी परियोजनाओं को अपना पंजीकरण कराना और नियमित रूप से धूल नियंत्रण 'ऑडिट' को अपलोड करना अनिवार्य होगा।

प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण ने एक नोटिस में कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा 20 दिसंबर, 2021 को जारी निर्देशों के अनुरूप डीपीसीसी ने अब यह अनिवार्य कर दिया है कि 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंड के क्षेत्र पर कार्यरत सभी निर्माण और तोड़फोड़ (सी एंड डी) परियोजनाओं को एक नव-विकसित वेब पोर्टल पर दर्ज करना होगा। पोर्टल को ऑनलाइन स्व-मूल्यांकन और दूरस्थ निगरानी की



सुविधा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण उपायों का उचित ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

नोटिस में कहा गया है कि इसमें परियोजना प्रस्तावकों से धूल नियंत्रण तरीकों का नियमित स्व-लेखा परीक्षण करने और 15 दिन पर स्व-घोषणा प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाती है। नोटिस के अनुसार, इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के नगर निगम क्षेत्रों के अंदर 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के भूखंड पर कार्यरत परियोजनाओं को अब निश्चित रूप से वीडियो फेंसिंग को शामिल करना होगा और वास्तविक समय की वायु-गुणवत्ता निगरानी के लिए कम लागत वाले पीएम 2.5 और पीएम 10 सेंसर स्थापित करना होगा।

नोटिस में कहा गया है कि निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों में शामिल बिल्डर, ठेकेदारों और अन्य हितधारकों से आग्रह किया जाता है कि वे अद्यतन दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए अपनी परियोजनाओं को पोर्टल पर तुरंत पंजीकृत कराएं।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लेकर उत्तराखंड के सुदूरवर्ती गांव जा रहा हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में उतरा



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को लेकर जा रहे एक हेलीकॉप्टर को बुधवार देर रात खराब मौसम के कारण मुनस्यारी के निकट एक सुदूरवर्ती गांव में आपात स्थिति में उतारना पड़ा जिसके कारण सीईसी, दो पायलटों और दो निर्वाचन अधिकारियों को शून्य से नीचे तापमान में एक निर्जन घर में रात बितानी पड़ी। निर्वाचन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मौसम साफ होने पर हेलीकॉप्टर ने बृहस्पतिवार को सुबह उड़ान भरी और सुरक्षित मुनस्यारी तहसील मुख्यालय पहुंच गया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पिथौरागढ़ और आसपास के 14 गांवों के दूरदराज के मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे, ताकि वे निर्वाचन अधिकारियों और मतदाताओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल कर सकें। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरीश गोस्वामी ने बताया कि हेलीकॉप्टर मिलम हिमनद के रास्ते में था और प्रतिकूल मौसम के कारण उसे देर रात करीब एक बजे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। उन्होंने बताया कि उस वक्त घने बादल छाए रहने और दृश्यता बेहद कम होने के कारण हेलीकॉप्टर को मुनस्यारी से 42 किलोमीटर पहले रालम गांव में देर रात करीब डेढ़ बजे एक हेलीपैड पर उतारा गया था। इससे पहले भी कुमार ने क्षेत्र के दूरदराज के मतदान केंद्रों का दौरा किया था। वर्ष 2022 में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने मतदान कर्मचारियों के सामने आने वाली कठिनाइयों का अनुभव करने के लिए चमोली जिले के डुमक गांव में सबसे दूरस्थ मतदान केंद्रों में से एक का दौरा किया था। इस दौरे के बाद जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मतदान केंद्र के लिए मार्ग मानचित्रों की समीक्षा की और उसके अनुरूप, गंतव्य तक पहुंचने का मार्ग तलाशा। इसके लिए दो से तीन दिन की यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे दुर्गम इलाकों में ईवीएम ले जाने के लिए एक विशेष बैगपैक का भी इस्तेमाल किया गया।

### इंडियन ओवरसीज बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 777 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 777 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 625 करोड़ रुपये रहा था। आईओबी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 8,484 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,935 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय सितंबर तिमाही में 6,851 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,821 करोड़ रुपये थी। सितंबर, 2024 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर कुल ऋण पर 2.72 प्रतिशत रहीं। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 4.74 प्रतिशत था। इसी तरह, बैंक का शुद्ध एनपीए घटकर 0.47 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के अंत में 0.68 प्रतिशत था। इससे खराब कर्ज के लिए प्रावधान घटकर 71 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,121 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17 प्रतिशत से बढ़कर 17.45 प्रतिशत हो गया।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और सर्वोच्च न्यायालय में अपने बाद वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश इस बाबत केंद्र से की है। सूत्रों के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने बुधवार को केंद्रीय विधि मंत्रालय को न्यायमूर्ति खन्ना के नाम की सिफारिश वाला पत्र लिखा। न्यायमूर्ति खन्ना 11 नवंबर को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश बनेंगे। गत 18 जनवरी, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए न्यायमूर्ति खन्ना 13 मई, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। उनका कार्यकाल छह महीने से थोड़ा अधिक होगा। न्यायमूर्ति खन्ना को 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया तथा 2006 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। 14 मई 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति खन्ना ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के 'कैम्पस लॉ सेंटर' (सीएलसी) से कानून की पढ़ाई की। उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति खन्ना के कुछ उल्लेखनीय निर्णयों में चुनावों में ईवीएम के उपयोग को बरकरार रखना शामिल है, जिसमें कहा गया है कि ये उपकरण सुरक्षित हैं और इनसे मतदान केंद्रों पर कब्जा कर फर्जी मतदान करने की आशंका समाप्त हो जाती है। वह पांच न्यायाधीशों की उस पीठ का भी हिस्सा थे जिसने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण वाली चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक घोषित किया था। न्यायमूर्ति खन्ना पांच न्यायाधीशों की उस पीठ का भी हिस्सा थे जिसने तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के 2019 के फैसले को बरकरार रखा था।

### झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

जमशेदपुर। झारखंड में बृहस्पतिवार को अलग-अलग जगहों पर हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के गांव रसुनिया में 36 वर्षीय एक ग्रामीण को हाथी ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब छह बजे की है जब सामल मुर्मू और अन्य ग्रामीण धान के खेत से हाथी को भगाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन हाथी ने मुर्मू पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मुर्मू ने भागने की कोशिश की लेकिन हाथी ने उसे कुचल दिया।

# रेलवे ने अग्रिम ट्रेन आरक्षण की समय सीमा घटाकर 60 दिन की

नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने सीटों की अग्रिम आरक्षण अवधि को मौजूदा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है। नई व्यवस्था एक नवंबर, 2024 से प्रभावी होगी। रेलवे बोर्ड के 16 अक्तूबर, 2024 के परिपत्र में कहा गया है, यह निर्णय लिया गया है कि एक नवंबर 2024 से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तारीख को छोड़कर) कर दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि 120 दिनों की एआरपी (अग्रिम आरक्षण अवधि) के तहत 31 अक्तूबर तक की गई सभी बुकिंग यथावत रहेंगी। परिपत्र में एआरपी में कटौती का कोई कारण नहीं बताया गया। बोर्ड के अनुसार, हालांकि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद्द करने की अनुमति होगी। बोर्ड के परिपत्र में कहा गया, ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा वर्तमान में लागू है। इसमें कहा गया है कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

# बिहार में 'मौकापरस्त डबल सरकार' सैकड़ों जान लेने के लिए जिम्मेदार: खरगे

एजेंसी
नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की 'मौकापरस्त डबल सरकार' सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने यह दावा भी किया कि बिहार सरकार अवैध शराब के कारोबार को रोकने में विफल साबित हुई है। बिहार के सीवान और सारण जिलों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से बुधवार को छह लोगों की मौत हो गई थी और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। खरगे ने कहा, 'बिहार के सीवान और सारण के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक 36 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जो बेहद पीड़ादायक और दुखद है। पीड़ितों के शोकाकुल परिजनों को हमारी गहरी संवेदनाएं। सरकार से अनुरोध है कि दोषियों को न्यायसंगत कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए।' उन्होंने कहा कि इससे पहले और भी ज़िलों में लगातार अवैध शराब से कई लोगों ने जान गंवाई है जो बताता है कि बिहार सरकार अवैध शराब के कारोबार को रोकने में कितनी विफल है। खरगे के अनुसार, 'अप्रैल 2023 में मोतिहारी में जहरीली शराब के सेवन से 26 लोगों की मृत्यु हुई थी। दिसंबर, 2022 में छपरा में 71 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। मार्च, 2022 में बांका में 12 लोगों की मृत्यु हुई। नवंबर, 2021 में गोपालगंज, बेतिया और मुजफ्फरपुर में जहरीली शराब पीने से 43 लोगों की मृत्यु हो गई थी।'

# मुंबई आने वाली दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम की धमकी

मुंबई। घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर बृहस्पतिवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी। भारत की विमानन कंपनियों द्वारा संचालित लगभग एक दर्जन उड़ानों को भी मंगलवार और बुधवार को भी इसी प्रकार की धमकियां मिली थीं। एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को, बम की धमकी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को आपात स्थिति में मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है। विमान में यात्री और चालक दल के सदस्यों को मिलाकर कुल 147 लोग मौजूद थे। इसी समय, तुर्की के इस्तांबुल से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले इंडिगो के एक विमान में भी बम की धमकी मिली।

# सीबीआई, ईडी, आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों को निष्पक्षता से काम करना चाहिए: सिद्धरमैया

एजेंसी
बेंगलुरु



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीबीआई, ईडी और आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों को निष्पक्ष होना चाहिए और किसी एक पार्टी के पक्ष में काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस राज्य में तीन विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव का सामना करने और जीतने के लिए तैयार है। सिद्धरमैया ने पत्रकारों से कहा, 'नागेंद्र (पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र) ने मीडिया से कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन पर दबाव डाला था। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि उन पर मेरा और डी. के. शिवकुमार (उपमुख्यमंत्री) का नाम लेने के लिए दबाव डाला गया था। किसी भी एजेंसी को किसी पार्टी के पक्ष में काम नहीं करना चाहिए। चाहे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) हो, ईडी हो या आयकर विभाग हो, इन्हें निष्पक्षता से काम करना चाहिए।' मुख्यमंत्री पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र के आरोपों का जवाब दे रहे थे कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में करोड़ों रुपये के घोटाले में उनका और शिवकुमार का नाम लेने के लिए ईडी ने उन पर दबाव डाला था। नागेंद्र ने ईडी पर कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की साजिश के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबाव में उन्हें गिरफ्तार करने का भी आरोप लगाया था। सिद्धरमैया ने कहा कि जिन तीन निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे, वहां कांग्रेस पार्टी चुनाव का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो, तीन दिन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया यूक्रेन को अपने 49 पुराने अब्राम्स टैंक देगा

एजेंसी
मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया अपने 49 पुराने एम1ए1 अब्राम्स टैंक यूक्रेन को देगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन ने ये टैंक उसे दिए जाने का कुछ महीने पहले अनुरोध किया था। मार्लेस ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया सरकार यूक्रेन को अपने अधिकतर अमेरिका निर्मित एम1ए1 टैंक दे रही है, जिनकी कीमत 24 करोड़ 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (16 करोड़ 30 लाख अमेरिकी डॉलर) है। ऑस्ट्रेलिया में इनका स्थान 75 अगली पीढ़ी के एम1एक2 टैंकों का बेड़ा लेगा। मार्लेस ने फरवरी में कहा था कि यूक्रेन को पुराने हो चुके टैंक देना उनकी सरकार के एजेंडे में नहीं है लेकिन बृहस्पतिवार को उन्होंने कहा कि वे इस मदद को अपनी सरकार के पिछले रुख से पीछे हटने के रूप में नहीं देखते। मार्लेस ने 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन' से कहा, 'हम यूक्रेन सरकार से इस मामले में लगातार बात कर रहे हैं कि हम उन्हें किस तरह से



सर्वश्रेष्ठ सहायता दे सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम अपने पास मौजूद सामग्री की समीक्षा करते हैं, हम इसकी प्रभावशीलता, इसकी स्थिति पर गौर करते हैं और हम यह समीक्षा करते हैं कि क्या यह कोई अंतर ला पाएगी, क्या इसे बरकरार रखा जा सकता है और क्या युद्ध में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है और अब्राम्स टैंक इन सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं।' ऑस्ट्रेलिया में यूक्रेन के राजदूत वासिल मायरोशनिचेंको ने विपक्षी सांसदों की इस आलोचना पर कोई टिप्पणी नहीं की कि टैंकों को पहले ही दान कर दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'यह समय पर की गई, बहुत ही महत्वपूर्ण और उद्देश्य के लिए बहुत ही उपयुक्त घोषणा है। हम सरकार के निर्णय का सम्मान करते हैं। यह आसान नहीं था और मुझे बहुत खुशी है कि सकारात्मक फैसला किया गया।'

**फैसला** आरोपी द्वारा पाकिस्तान के समर्थन में नारा लगाने के मामले में किया था गिरफ्तार

# 'भारत माता की जय' के साथ महीने में दो दफा 21 बार तिरंगे को सलामी देने की शर्त पर व्यक्ति को जमानत

एजेंसी
जबलपुर (मप्र)

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने के आरोपी व्यक्ति को महीने में दो दफा थाने में 21 बार राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने और 'भारत माता की जय' का नारा लगाने की शर्त पर जमानत दे दी। न्यायमूर्ति डीके पालीवाल ने मंगलवार को आदेश में कहा कि आरोपी को कुछ शर्तें लगाकर जमानत पर रिहा किया जा सकता है, जिससे उसके अंदर उस देश के प्रति जिम्मेदारी और गर्व की भावना पैदा हो, जहां वह पैदा हुआ और रह रहा है। अदालत ने कहा, 'वह खुलेआम उस देश के खिलाफ नारे लगा रहा है, जिसमें वह पैदा हुआ और पला-बढ़ा है।' अदालत ने आरोपी को महीने के हर पहले और चौथे मंगलवार को राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने और 'भारत माता की जय' का नारा लगाने का निर्देश दिया।



आरोपी फैजल उर्फ फैजान को मई में भोपाल के मिसरोद थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153बी (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप, बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश में कहा गया है, 'यह निर्देश दिया जाता है कि अभियुक्त फैजल उर्फ फैजान को निचली अदालत में 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानतदार के रूप में पेश करने पर जमानत पर रिहा किया जाए, ताकि वह मुकदमे के दौरान निचली अदालत के समक्ष नियमित रूप से उपस्थित हो सके।' उच्च न्यायालय ने कहा, 'यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह मुकदमे के समापन तक हर महीने के पहले और चौथे मंगलवार को पुलिस थाने मिसरोद, भोपाल के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा और थाने की इमारत पर फहराए गए राष्ट्रीय ध्वज को 21 बार 'भारत माता की जय' कहकर सलामी देगा।' अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने पाकिस्तान के समर्थन में नारा लगाया था, जो विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के समान है और उसका कृत्य सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए खतरनाक है। बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि उसके मुवक्किल को झूठे आरोप में फंसाया गया है। वहीं, सरकारी वकील ने दलील दी कि एक वीडियो में आरोपी को पाकिस्तान की प्रशंसा करते और भारत की निंदा में नारे लगाते हुए देखा गया है। राज्य सरकार के वकील ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आवेदक एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# महेंद्रगढ़-रेवाड़ी को आरती राव के रूप में मिला मंत्रीमंडल में प्रतिनिधित्व

## आरती राव ने ली मंत्री पद की शपथ, समर्थकों में जोश

सिटी दर्पण
नारनौल



महेंद्रगढ़-रेवाड़ी को आरती राव के रूप में मंत्रीमंडल में प्रतिनिधित्व मिल गया है। आरती राव के मंत्री पद की शपथ लेने पर उनके समर्थकों में जोश देखने को मिला। प्रदेश में भाजपा की लगातार तीसरी जीत तथा महेंद्रगढ़ के अटेली विधानसभा से पहली बार चुनाव लडकर जीत हासिल कर मंत्रीमंडल में जगह बनाई है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के लिए भी यह विधानसभा चुनाव काफी अहम माना जा रहा था क्योंकि आरती राव के लिए वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भी टिकट की मांग की गई थी परंतु भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। इस बार भाजपा ने आरती राव को अटेली से टिकट दिया। टिकट की घोषणा के बाद से ही विरोधियों ने आरती राव को हराने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपनाई गई लेकिन क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत के प्रभाव को रोक नहीं पाए और पहली ही बार में आरती राव विधानसभा का चुनाव जीत गई। लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में कहीं ना कहीं कांग्रेस की हवा का असर देखने को मिल रहा था। इसी हवा को देखते हुए भाजपा सहित अन्य पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कांग्रेस का थामने लगे थे। चुनाव से पहले ही नहीं चुनाव के बाद भी एग्जिट पोल तक ने प्रदेश में कांग्रेस का पूर्ण बहुमत दिखाते हुए सत्ता कांग्रेस के हाथों जाते दिखाई गई। परंतु दक्षिणी हरियाणा से अपना जुड़ाव रखते हुए राव इन्द्रजीत ने न केवल अटेली से अपनी बेटी आरती राव बल्कि इस क्षेत्र की 8 से 10 सीटों पर अपना प्रभाव रखते हुए जीत दिलाई जिसके चलते भाजपा हाईकमान भी कहीं ना कहीं उनकी क्षेत्र में अच्छी पकड़ को लेकर चर्चा में हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार मिली नायाब जीत से भाजपा कार्यकताओं के चेहरे खिल उठे हैं। केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह इस चुनाव में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की कसौटी पर तो खरे उतरे ही, साथ में अपनी बेटी आरती राव को भी विधायक बनाकर मंत्री पद तक पहुंचाया। सत्ता विरोधी लहर के चलते भाजपा को दक्षिणी हरियाणा में केवल राव इंद्रजीत सिंह पर पूरा विश्वास था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व यह जानता था कि दक्षिणी हरियाणा को फतह कर तीसरी बार सत्ता हासिल करनी है तो केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत का सहारा जरूरी है। इसलिए उन्होंने दक्षिणी हरियाणा के कद्दावर नेता व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को एक तरह से टिकट बंटवारे में फ्री हैंड दिया। भाजपा ने या तो टिकट अपने खास समर्थकों को दिया या फिर राव की सहमति से ही टिकट दिया गया। जो कुछ लोग उनके विरोध में रहे उन्हें राव की अनदेखी का नतीजा भुगतते हुए चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा। विधानसभा चुनाव में राव कई मोर्चा पर लड़ रहे थे। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती थी। उन्होंने जिन खास समर्थकों को टिकट दिलवाया था उनकी जीत भी अपने दम पर सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने दिन-रात एक किया। सबसे बड़ी चुनौती अपनी बेटी आरती राव को विधानसभा पहुंचाने की थी। विरोधियों ने राव को असफल करने के तमाम प्रयास किए लेकिन राव की सियासत के आगे सभी विरोधियों के हौंसले पस्त होते चले गए। राव ने अपने दम पर ही कोसली विधानसभा से अनिल डहीना, बावल आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से डॉ. कृष्ण कुमार, रेवाड़ी विधानसभा से लक्ष्मण सिंह यादव, अटेली से आरती राव, महेंद्रगढ़ विधानसभा से कंवर सिंह, नारनौल से ओम प्रकाश यादव, पटौदी से विमला चौधरी, तथा गुरुग्राम से मुकेश शर्मा व सोहना विधानसभा से तेजपाल तंवर को विधानसभा का चुनाव जितवाने में मदद की।

# सीएम सैनी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम छुएगा हरियाणा प्रदेश : रामकुमार कश्यप

सिटी दर्पण
इन्द्री



इन्द्री से विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि नायब सिंह सैनी द्वारा दूसरी बार मुख्यमंत्री बननने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के नए आयाम छुएगा। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम करने में भाजपा विश्वास रखती है। जनता का विश्वास भाजपा में बढ़ा है और जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है।

सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की बयार बहेगी। उन्होंने कहा कि नायब सैनी ने अपने 56 दिन के कार्यकाल में ही जनता की भलाई के लिए अनेक फैसले लिए थे जिनका पूरा लाभ जनता को मिला है। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला।

पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेशके लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन,समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

# करीना बेगम के साथ पटौदी पैलेस में सालगिरह मनाते नजर आए सैफ

सिटी दर्पण
पटौदी



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर ने अपनी 12वीं वेडिंग एनिवर्सरी पटौदी पैलेस में मनाई। बुधवार की शाम को सैफ और करीना दोनों बच्चों के साथ पटौदी पैलेस में पहुंचे थे। पटौदी पैलेस में सैफ करीना को किस करते हुए की फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में सैफ को करीना के गाल पर किस देते हुए देखा जा सकता है। दूसरी तस्वीर में सैफ करीना के कंधे पर हाथ रखे नजर आ रहे है। 16 अक्टूबर बुधवार की शाम को सैफ करीना अपने दोनों बच्चों तैमूर और जहांगीर के साथ पटौदी पैलेस में पहुंचे थे। इसके बाद सैफ ने करीना और बच्चों के साथ जीप में बैठकर खेतों की सैर की। गुरूवार को क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर परिवार के साथ समय बिताया। सैफ ने जिम किया और बच्चों ने साइकिल साइकलिंग का आनंद उठाया। बताया जा रहा है कि 20अक्टूबर तक सैफीना बच्चों के साथ फुर्सत के लम्हें बिताएंगे। बेगम करीना को पटौदी महल में समय बिताना बहुत पसंद है। फुर्सत निकालकर अक्सर सैफीना पटौदी महल पहुंच जाते है। दोनों की शादी 16अक्तूबर 2012 को हुई थी।

# नायब सैनी के नेतृत्व में जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी सरकार : हरविंद्र कल्याण

सिटी दर्पण
घरौंडा



घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शपथ लिए जाने पर जनता को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम करेगी। पिछले दस सालों में भाजपा सरकार ने जनता की भलाई के लिए अनेक हितकारी निर्णय लिए हैं और जनता के आशीर्वाद से ही एक बार फिर भाजपा सरकार बनी है। जनता के विश्वास के साथ हलके में समान रूप से विकास कार्य होंगे। उन्होंने हलके की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि हलके में विकास की कमीं नहीं रहने दी जाएगी। विकास और भाजपा एक दूसरे के संपूरक हैं। भाजपा के तीसरे कार्यकाल में सभी अधूरे कामों को तेज गति से पूरा करवाया जाएगा। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन,समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया: शेरी



असंध । महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया तथा समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया । उपरोक्त विचार किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर गांव जयसिंहपुरा में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। शेरी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि महान संत थे। उन्होंने मानवता कल्याण के लिए अनेक कार्य किए । हमें भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए सामाजिक कल्याण के कार्यो में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण काल के एक महान संत , दार्शनिक,कवि व समाज सुधारक थे और महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हमें धर्म और जाति से ऊपर उठकर समाज कल्याण की भावना की सीख मिलती है। इस अवसर पर सुखबीर सिंधड , विक्रम वाल्मीकि,वेदपाल ,तेजबीर,अनिल , सुरेन्द्र,सचिन कश्यप अरडाना व वकील अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

### साइबर अपराधियों ने नौ माह में 16 करोड़ रुपये ठगे, पुलिस की पहुंच से दूर ठग

यमुनानगर। इंटरनेट के इस युग में साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है। जिसे देखते हुए पुलिस की ओर से भी स्कूल व कालेजों में जाकर विद्यार्थियों को बचाव का सबक दिया जा रहा है। इसके बावजूद लोग ठगों के जाल में फंस रहे हैं। इसका अंदाजा इससे लग सकता है कि वर्ष 2024 में अब तक 84 केस साइबर क्राइम थाना में दर्ज हो चुके हैं। जिसमें 16 करोड़ रुपये लोगों ने गंवाएं हैं। हालांकि पुलिस की ओर से उन खातों को फ्रीज कराया जा रहा है। जिनमें ठगी के रुपये ट्रांसफर हुए। लगभग पांच करोड़ रुपये पीड़िता के रिफंड भी कराए हैं। जिस तरह से ठगी के केस बढ़ रहे हैं। ठगों को पकड़ना मुश्किल हो रहा है। वर्ष 2024 में दर्ज केसों में अब तक 45 आरोपित ही पकड़े गए हैं। इनमें से कुछ इंस्टा पर वीडियो व फोटो वायरल करने से संबंधित हैं। साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए जिले में छह जुलाई 2022 को साइबर क्राइम थाना खुला था। इसके बाद आनलाइन हुए साइबर ठगी के मामलों को यहां दर्ज किया जाने लगा। हालांकि स्थानीय थाना व चौकी में भी नागरिक शिकायत दे सकते हैं। इसके साथ ही साइबर क्राइम पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर पर 1930 पर भी काल कर शिकायत दी जा सकती है। पोर्टल व हेल्पलाइन नंबर पर दी गई शिकायतों का रिकार्ड थाना में पहुंच रहा है। जिस पर केस दर्ज किए जाते हैं लेकिन साइबर ठगी की शिकायतें काफी अधिक हैं। अधिकतर शिकायतों पर केस दर्ज नहीं होते। उनमें पीड़ितों के रुपये वापस दिलाए जाने का प्रयास रहता है। यही वजह है कि केसों की संख्या कम है। जबकि शिकायतें हजारों में हैं। ठगी के मामले में हेल्पलाइन नंबर पर काल करते हैं तो तुरंत उन खातों को फ्रीज करा दिया जाता है। जिसमें ठगी की राशि ट्रांसफर होती है। इसके साथ ही जिन नंबरों से ठगी के लिए काल आती है। उन सिम को ब्लाक करा दिया जाता है।

### श्रुति चौधरी के केबिनेट मंत्री बनने से भिवानी जिला सहित प्रदेश का होगा समग्र विकास : कौशिक

भिवानी। तोशाम विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्रुति चौधरी को हरियाणा सरकार में केबिनेट मंत्री बनाए जाने की खुशी में कार्यकताओं ने वीरवार को लड्डू बांटकर जश्न मनाया तथा इसे भिवानी जिला सहित प्रदेश के समुचित विकास की तरफ भाजपा सरकार का महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौक पर पार्षद कौशिक ने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भी मंत्री रहते हुए हरियाणा प्रदेश के संपूर्ण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए थे। अब श्रुति चौधरीभ्भी उन्ही की तरह मंत्री बनने के बाद प्रदेश भर में एक समान विकास कार्य करवाने का काम करेंगी। उन्होंने बताया कि श्रुति चौधरी के केबिनेट में मंत्री बनने से भिवानी जिला को विशेष तौर पर लाभ पहुंचेंगे तथा यहां के विकास को बल मिलेगा। जिसके चलते कार्यकताओं में खुशी है तथा वे इसे भाजपा का सराहनीय फैसला बता रहे है। इस अवसर पर पार्षद अंकुर कौशिक, पार्षद जयबीर रंगा, पार्षद अनिल मास्टर, पार्षद मदनलाल सेवानिवृत्त एसआई रोशन लाल, दीपक बडगुजर, प्रवीण सैनी, अधिवक्ता विजय रंगा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में तेजी से होगा हलके व प्रदेश का विकास : जगमोहन आनंद

सिटी दर्पण
करनाल



करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास को गति मिलेगी। तेजी से पूरे प्रदेश व हलके में समान रूप से विकास कार्य होंगे। भाजपा ने हमेशा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ जनता की भलाई के लिए काम किया है। यही वजह है कि जनता ने एक बार भाजपा पर अपना विश्वास जताया। भाजपा लगातार तीसरी बार प्रदेश की जनता की भलाई के लिए काम करेगी और डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का चहुमुखी विकास होगा। उन्होंने हलका व प्रदेशवासियों को नायब सैनी द्वारा मुख्यमंत्री की शपथ लिए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपको विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है। आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी।

# नायब सैनी कै नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा : योगेन्द्र राणा

सिटी दर्पण
असंध



असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने नायब सिंह सैनी को एक बार फिर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। नायब जी के दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर पूरे प्रदेश की जनता में खुशी की लहर है। उन्होंने जनता को बधााई देते हुए कहा कि जनता ने नायब सैनी के करीब दो माह का कार्यकाल देखा है। जिस तरह से मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दो माह में ही प्रदेश की जनता के लिए अनेक फैसले लिए हैं अब उन्हें आगे बढ़ाते हुए प्रदेश की जनता की भलाई के लिए काम किया जाएगा।

जनता ने हरियाणा में एक बार फिर भाजपा को आशीर्वाद देकर विकास की राह चुनी है। बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।

# भाई के साथ रंजिश में घर आकर युवक को मारी गोली

सिटी दर्पण
सोनीपत

**कंधे में लगकर गर्दन से निकली गोली, घायल का निजी अस्पताल में जारी है उपचार**

जिले के गांव खेड़ी दहिया में हमलावरों ने घर आकर युवक को गोली मार दी। आरोप है कि ग्रामीण की उनके भाई के साथ पुरानी रंजिश है। गोली युवक के कंधे में लग कर गर्दन के पास से निकल गई। वारदात को अंजाम देकर हमलावर भाग गए। घायल का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। गांव खेड़ी दहिया निवासी गौरव ने सदर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह दिल्ली के बख्तावरपुर स्थित हॉलीलैंड मार्केटिंग कंपनी में काम करते हैं। वह बुधवार रात पौने नौ बजे अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का ही अशोक उनके घर के बाहर आया। अशोक के साथ उसका एक अन्य साथी भी था। अशोक ने घर के बाहर आते ही उनके मुख्य गेट पर लात मारनी शुरू कर दी। आवाज सुनकर वह बाहर आए और जब गेट खोला तो अशोक ने अपने साथी को कहा कि इसे गोली मारनी है। अशोक के साथी ने हाथ में ली हुई पिस्तौल से उन पर गोली चला दी। गोली उनके दाहिने कंधे में लगकर गर्दन के पास से बाहर निकल गई। उसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। गौरव ने बताया कि घटना के समय वह घर पर अकेले थे। उन्होंने अपने दोस्त सचिन को कॉल कर मामले की सूचना दी। इस पर उनका दोस्त तुरंत घर पहुंचा और उन्हें बाइक पर बैठाकर नागरिक अस्पताल में ले आया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें उच्च केंद्र में रेफर कर दिया। इसके बाद उसने उनके परिजनों से बात की और उन्हें बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्हें उपचार दिया जा रहा है। गौरव के बयान पर पुलिस ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरव ने पुलिस को बताया कि अशोक का उनके भाई हिमांशु के साथ झगड़ा हो गया था। इसमें दोनों में मारपीट हो गई थी। उसी पुराने झगड़े की रंजिश रखते हुए अब अशोक ने अपने साथी संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि गांव खेड़ी दहिया में युवक को गोली मारी गई है। युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक ने गांव के युवक व उसके साथी पर आरोप लगाए हैं। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हलके के विकास को मिलेगी गति : भगवानदास कबीरपंथी

सिटी दर्पण
नीलोखेड़ी



नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हलके के विकास को गति मिलेगी। जनता ने जो विश्वास जताया है भाजपा सरकार उसपर खरा उतरने का काम करेगी। पिछले दस सालों में भाजपा सरकार ने जनता की भलाई के लिए अनेक हितकारी निर्णय लिए हैं और जनता के आशीर्वाद से ही एक बार फिर भाजपा सरकार बनी है। जनता के विश्वास के साथ हलके में समान रूप से विकास कार्य होंगे। उन्होंने हलके की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि हलके में विकास की कमीं नहीं रहने दी जाएगी। विकास और भाजपा एक दूसरे के संपूरक हैं। भाजपा के तीसरे कार्यकाल में सभी अधूरे कामों को तेज गति से पूरा करवाया जाएगा।

बता दें कि आज गुरुवार को पंचकूला स्थित सेक्टर-5 के दशहरा ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही मंत्रीमंडल ने भी शपथ ग्रहण की। जिसे लेकर प्रदेश जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। पचंकूला में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कलाकारों ने हरियाणा की लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों से मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वरिष्ठ मंत्री व राजनेताओं की उपस्थिति रही। प्रदेश के सभी अंचलों से गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शपथ ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संदेश देते हुए कहा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार। प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है।आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है।विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन,समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

# भारत को 46 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड की दमदार शुरूआत

## इससे पहले भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था

**एजेंसी**
बेंगलुरू

तेज गेंदबाजों के दम पर भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेटने के बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वषाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाये लिये। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढत है। इससे पहले मैट हेनरी ( 15 रन देकर पांच विकेट ) और विलियम ओ राउरकी ( 22 रन देकर चार विकेट ) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने भारतीय बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। एडीलेड टेस्ट की यादें ताजा कराते हुए भारतीय टीम घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी। इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था। भारत के

**बारिश रूकने के बाद खेल बहाल हुआ तो रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का किया था फैसला**

पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया के 2020- 21 के दौरे पर एडीलेड टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। भारत को दिन के आखिर में एक और झटका लगा जब रविंद्र जडेजा की टर्न लेती गेंद उनके बायें घुटने से जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। न्यूजीलैंड ने मजबूत शुरूआत की जब कोंवे ने कप्तान टॉम लाथम ( 15 ) के साथ पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने विल यंग ( 33 ) के साथ 75 रन की साझेदारी की। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने भारत को सफलता दिलाई जब लाथम उनकी गेंद पर पगबाधा



आउट हुए। कोंवे ने अपना अर्धशतक 54 गेंद में रविचंद्रन अश्विन को सिर के ऊपर से छक्का लगाकर पूरा किया। इस तरह की पिच पर सौ से अधिक गेंद तक एकाग्रता बनाये रखकर खेलना काबिले तारीफ था। अश्विन की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में वह बोल्ड हो गए। कोंवे की पारी से पहले कीवी गेंदबाजों के नाम दूसरे दिन का खेल रहा। पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश रूकने के बाद खेल बहाल हुआ तो रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान समेत भारत का कोई बल्लेबाज सहज नजर नहीं आया।

रोहित आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जो 15 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। टिम साउदी की सीम लेती गेंद पर वह चूके और गेंद सीधी स्टम्प पर जा लगी। मैट हेनरी ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को काफी परेशान किया। वहीं तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली नौ गेंद खेलकर खाता भी नहीं खोल पाये।

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने ओ राउरकी को गेंद सौंपी और उन्होंने तुरंत कोहली का कीमती विकेट लिया। कोहली ने उछाल लेती गेंद को खेलना चाहा लेकिन उसकी लैंग्थ पकड़ नहीं पाये और उनके दस्तानों से टकराकर गेंद लेग गली में ग्लेन फिलिप्स के हाथ में गई। शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण अंतिम एकादश में जगह पाने वाले सरफराज खान घरेलू क्रिकेट वाला फॉर्म दोहरा नहीं सके। वह तीसरी ही गेंद पर हेनरी को मिड आफ पर खेलने के प्रयास में डेवोन कोंवे को कैच दे बैठे। इस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 10 रन था। इस बीच 10 . 27 से 11.05 के बीच बारिश के कारण खेल फिर रूक गया। खेल बहाल होने पर 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर पंत ने पारी का पहला चौका लगाया। उन्हें सात के स्कोर पर ओ राउरकी की गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने जीवनदान दिया था।

# महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से




**एजेंसी**
शारजाह

न्यूजीलैंड टीम महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में शुक्रवार को जब आत्मविश्वास से ओतप्रोत वेस्टइंडीज से खेलेगी तो उसका इरादा अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखने का होगा। न्यूजीलैंड ने इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका जैसी टीमों को हराकर ग्रुप ए से अंतिम चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट से पहले दस मुकाबले हारी टीम ने जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया। सोफी डेवाइन ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया है। इसके अलावा जॉर्जिया प्लिमर और अनुभवी सूजी बेट्स शानदार फॉर्म में हैं जबकि एमेलिया केर ने निचले क्रम में उपयोगी रन बनाये हैं। केर ने 10 विकेट लेने के साथ 85 रन का योगदान दिया है। रोसमेरी

**वेस्टइंडीज ने 2018 में अपनी मेजबानी में हुए टूर्नामेंट के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया**

मायर ने भी यूएई की धीमी पिचों पर सात विकेट लिये हैं। भारत के खिलाफ एडेन कारसन ने प्रभावी प्रदर्शन किया और इस स्पिनर से वेस्टइंडीज के खिलाफ भी उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को पिछले मैच में हराया था। ग्रुप बी में शीर्ष पर रही कैरेबियाई टीम ने एक ही मैच गंवाया। वेस्टइंडीज ने 2018 में अपनी मेजबानी में हुए टूर्नामेंट के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। उसने आखिरी ग्रुप मैच में इंग्लैंड को हराया जिससे वह पिछले 13 मैच हार चुकी थी। हेली मैथ्यूज ने युवा कियाना जोसेफ के साथ 102 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को मैच से बाहर कर दिया। मैथ्यूज टूर्नामेंट में सौ रन पार करने वाली एकमात्र कैरेबियाई बल्लेबाज रहीं। सारा टेलर और डिएंड्रा डोटिन पर भी काफी दारोमदार होगा। स्पिनर एफी फ्लेचर ने आठ और करिश्मा रामहरक ने पांच विकेट लिये हैं। न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब तक खेले गए 23 में से 15 मैच जीते जबकि दो मैच टाई और एक बेनतीजा रहा। इस मैच के विजेता का सामना दुबई में रविवार को होने वाले फाइनल में छह बार की विजेता गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

## राव को दिल्ली कैपिटल्स का क्रिकेट निदेशक और बदानी को मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**एजेंसी**
नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बृहस्पतिवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) सत्र से पहले अपने नये कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। लंका प्रीमियर लीग में उन्होंने जाफना किंग्स को लगातार दो खिताब दिलाए और शुरूआती एसए20 में वह खिताब जीतने वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बल्लेबाजी कोच थे। हाल में वह दुबई कैपिटल्स के मुख्य कोच थे जो इस साल के आईएलटी20 फाइनल में पहुंची थी। बदानी ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत



सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं।' भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे जिसमें उन्होंने शुरूआती सत्र में मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर में और बाद में बतौर क्रिकेट निदेशक काम किया। राव ने कहा, 'फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।' दिल्ली कैपिटल्स 2021 चरण में उपविजेता रही लेकिन बाद के तीन सत्र में शीर्ष चार में पहुंचने के लिए संघर्ष करती रही।

## सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच का पद छोड़ेंगे स्टेन

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पुष्टि की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच नहीं होंगे। वह एसए 20 लीग में सनराइजर्स की दूसरी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ बने रहेंगे जिसने पहले दोनों सत्र में खिताब जीता है। स्टेन ने एक्स पर लिखा,'क्रिकेट से जुड़ी एक घोषणा। सनराइजर्स हैदराबाद को धन्यवाद जिसके साथ मैं आईपीएल में गेंदबाजी कोच रहा। दुर्भाग्य की बात है कि अब मैं आईपीएल 2025 के लिये नहीं लौटूंगा।' उन्होंने लिखा,' लेकिन मैं सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ एसए20 में बना रहूंगा। हमारी कोशिश लगातार तीसरा खिताब जीतने की रहेगी।' स्टेन पिछले साल सनराइजर्स के साथ नहीं थे। सनराइजर्स ने 2016 में खिताब जीता और 2018 फाइनल खेला था। न्यूजीलैंड के पूर्व गेंदबाज जेम्स फ्रेंकलिन उनकी जगह लेंगे।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य पदक





**एजेंसी**
नई दिल्ली

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई। विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया। नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिये सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

## दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल और डब्ल्यूपीएल टीमों के क्रिकेट संचालन का रोटेशन होगा

**नई दिल्ली।** आईपीएल और डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की पुरूष और महिला टीमों के मालिकों जीएमआर समूह और जेएसडब्ल्यू समूह के बीच दो साल की रोटेशन नीति लागू की जायेगी। जीएमआर समूह आईपीएल में अगले दो साल तक दिल्ली कैपिटल्स का संचालन करेगा जबकि जेएसडब्ल्यू महिला प्रीमियर लीग में यह भूमिका निभायेगा। इसके बाद 2027 में जेएसडब्ल्यू पुरूष टीम का प्रबंधन देखेगा। टीम के मालिकों ने यहां जारी विज्ञप्ति में यह घोषणा की। विज्ञप्ति में कहा गया,'टीम के व्यावसायिक संचालन का जिम्मा दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन टीम पर होगा। नीलामी, कप्तानी, खिलाड़ी को रिलीज करना या रिटेंशन जैसे फैसले दिल्ली कैपिटल्स बोर्ड लेगा जो दोनों समूहों के सीनियर नेतृत्व की सहमति से होंगे।' जीएमआर समूह दिल्ली कैपिटल्स के संस्थापक में से है जबकि जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ 2018 में 50 . 50 साझेदारी की गई जब टीम का नाम दिल्ली कैपिटल्स रखा गया।

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के क्रिकेट निदेशक बने सौरव गांगुली

**एजेंसी**
नई दिल्ली



भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार सौरव गांगुली को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। गांगुली आईपीएल में जेएसडब्ल्यू की टीम दिल्ली कैपिटल्स से 2019 में सलाहकार के तौर पर जुड़े और कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया। बाद में वह कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक बने।

गांगुली ने अपनी नई भूमिका के बारे में यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,' मैं जेएसडब्ल्यू समूह और जिंदल परिवार को व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर जानता हूं जिससे यह फैसला लेना आसान हो गया। मुझे खुशी है कि क्रिकेट से जुड़े उनके प्रोजेक्ट में मेरा अनुभव दे सकता हूं।' जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा,' दादा के जैसी क्रिकेट की समझ बिरलों में होती है और हमें खुशी है कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन का हमें फायदा मिलेगा। अब वह निदेशक के तौर पर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में क्रिकेट से जुड़ी हर चीज के प्रमुख होंगे।' आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग में जीएमआर स्पोर्ट्स के साथ जेएसडब्ल्यू दिल्ली कैपिटल्स का सह मालिक है जबकि दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम सिर्फ जेएसडब्ल्यू की है।


# दर्पण

### मुरुदेश्वर




दक्षिण भारत टूरिज्म के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल मुरुदेश्वर कर्नाटक राज्य में उत्तर कन्नड़ जिले के भटकल नामक शहर में स्थित हैं। यह स्थान भगवान शिव की सबसे लम्बी प्रतिमा के लिए जाना जाता हैं। मुरुदेश्वर धार्मिक पर्यटन स्थल अरब सागर और पश्चिमी घाट से घिरा हुआ स्थान है। मुरुदेश्वर एक शानदार तीर्थयात्रा और पिकनिक स्थल होने के साथ-साथ यहाँ के नेत्राणी द्वीप, स्नोर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग के लिए प्रसिद्ध हैं।

### बीजापुर




बीजापुर दक्षिण भारत के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक हैं जोकि गोल गुम्बज के लिए बहुत अधिक प्रसिद्ध हैं। 10 वीं -11 वीं शताब्दी में निर्मित इस ऐतिहासिक स्थान पर गोल गुम्बज घूमने के लिए पर्यटक भारी संख्या में आते हैं।

### गोकर्ण




गोकर्ण दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित हिन्दू धर्म से सम्बंधित एक छोटा घूमने लायक तीर्थ स्थल हैं। यह स्थान प्राचीन समुद्र तटों और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के प्रमुख आकर्षण में नारियल और ताड़ के पेड़ आदि शामिल हैं। इसके अलावा यह स्थान अपने खूबसूरत समुद्री बीच के लिए भी जाना जाता हैं।


### अलप्पुझा (एलेप्पी)



दक्षिण भारत पर्यटन का मशहूर अलप्पुझा (एलेप्पी) एक छोटी नाव में पानी की सवारी करने के लिए जाना जाता हैं। केरला राज्य का यह मशहूर स्थान पर्यटकों को अपनी ओर बहुत अधिक आकर्षित करता हैं। बैकवाटर पर तैरने का अनुभव के साथ साथ समुद्र तटों, मंदिरों, पारंपरिक नाव दौड़ का आनंद प्रदान करता हैं।



### वर्कला बीच केरल




दक्षिण भारत में घूमने वाली जगहों में से एक वर्कला बीच केरल राज्य में स्थित हैं। वर्कला बीच शानदारसमुद्री भोजन की पेशकश करता हैं। वर्कला बीच अपनी प्राकृतिक मछलियों, झरनों, समुद्र तटों, पहाड़ियों, झीलों, किलों और प्रकाश स्तंभों के लिए बहुत अधिक प्रसिद्ध है

### मुन्नार हिल स्टेशन



मुन्नार हिल स्टेशन दक्षिण भारत के केरल राज्य में स्थित है और मुन्नार की यात्रा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं। मुन्नार में दक्षिण भारत के सबसे बड़े चाय के बागान है और इन्ही चाय के बागानों के कारण मुन्नार सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन बन गया है। यह छोटा सा हिल स्टेशन अन्य कई लुप्त प्रजातियों के जीवो का निवास स्थान भी हैं।

### कोवलम बीच केरला



कोवलम बीच दक्षिण भारत में घूमने वाली जगहों में शामिल एक खूबसूरत समुद्री तट हैं। यह एक आयुर्वेद रिट्रीट और शॉपिंग के लिए एक मशहूर गांव हैं। कोवलम एक अंतरराष्ट्रीय स्तर खूबसूरत समुद्र के रूप में गिना जाता हैं। यहाँ सर्फिंग, मोटरबोट सवारी, तैराकी, हर्बल बॉडी टोनिंग मालिश और धूप का आनंद पर्यटक जमकर लेते हैं।

### कोच्चि



दक्षिण भारत के प्रसिद्ध स्थानों में शामिल कोच्चि पर्यटन स्थल भारत के केरल राज्य में द्वीपों की एक श्रृंखला में फैला हुआ है। कोच्चि पर्यटन स्थल समुद्र और बैकवाटर से घिरा हुआ है। यह स्थान पुरानी दुनिया के आकर्षण को उजागर करने के लिए जानी जाती हैं। अक्टूबर से मार्च के बीच में पर्यटक इस स्थान का दौरा करना अधिक पसंद करते हैं।

# पीजीआई में सात दिन बाद सेवाएं बहाल, हाई कोर्ट के आदेशों के बाद हड़ताल हुई खत्म

## आज सुबह 8 से 11 बजे तक ओपीडी में नए मरीजों का होगा रजिस्ट्रेशन

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

**ओपीडी में कुल 32,555 रोगियों की हुई जांच, इमरजेंसी और ट्रॉमा ओपीडी में 2,023 मामले देखे**

पीजीआई में बीते 7 दिनों से जारी हड़ताल वीरवार को खत्म होने से मरीजों को राहत मिली है। पीजीआई के आउटसोर्स कर्मचारी ने हाईकोट के आदेश के बाद काम पर लौट आए। अब हड़ताल वापस ले लिए जाने के बाद पीजीआई में शुक्रवार से नए केस, वैकल्पिक सेवाओं और प्रवेश दोनों के लिए सुबह 8 बजे से 11 बजे तक ओपीडी में रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। वहीं इमरजेंसी, ट्रॉमा और आईसीयू सेवाएं हमेशा की तरह काम करेंगी। वीरवार को कुल 240 सफाई कर्मचारी , 156 अस्पताल अटेंडेंट और 53 बियरर वीरवार को अपनी निर्धारित शिफ्ट में ड्यूटी पर आए।

जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़ स्थित पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निदेशों के बाद पीजीआई में हड़ताल पर गए आउटसोर्स कर्मचारियों ने वीरवार से अपनी ड्यूटी पर लौट आए हैं। संस्थान के आउटसोर्स कर्मचारियों में अस्पताल अटेंडेंट, सफाई कर्मचारी और बियरर 10 से 16 अक्टूबर तक हड़ताल पर थे, जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा था। लेकिन अब उच्च न्यायालय के समय पर दिए गए आदेशों और विभिन्न तिमाहियों से मिले दृढ़ समर्थन के कारण अब परिचालन फिर से पटरी पर आ गया है। इन सात दिवसीय हड़ताल के दौरान, पीजीआई में नियमित कर्मचारियों और विश्व मानव रूहानी केंद्र, सुख फाउंडेशन, रोटारैक्ट और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों जैसे स्वैच्छिक संगठनों की सहायता से महत्वपूर्ण सेवाएं जारी रखी गई।




पीजीआई के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने अनिश्चितता के इस दौर में आगे आने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम हड़ताल के दौरान उनके अटूट समर्थन और बिना शर्त सेवा के लिए स्वैच्छिक संगठनों और एनएसएस स्वयंसेवकों के बहुत आभारी हैं। प्रो. विपिन कौशल, मेडिकल सुपरिडेंट ने हड़ताल अवधि के दौरान प्रदान की गई सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हड़ताल से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, हम ओपीडी में कुल 32,555 रोगियों की जांच करने में सफल रहे, जबकि आपातकालीन और ट्रॉमा ओपीडी में 2,023 मामले देखे गए। इस दौरान 1,485 रोगियों को इनडोर देखभाल के लिए भर्ती कराया गया, जिनमें से 1,892 को सफलतापूर्वक छुट्टी दे दी गई। इसके अतिरिक्त, 409 सर्जरी और 157 कैथ प्रक्रियाएं की गईं, जो संस्थान की व्यापक नैदानिक सेवाओं को दशार्ती हैं। इसके अलावा, 78 प्रसव और 699 डे केयर कीमोथेरेपी सत्र पूरे किए।

# निरंकारी सतगुरु माता जी का दिव्य आगमन 20 अक्तूबर को चंडीगढ़ में



सिटी दर्पण
चंडीगढ़

**सैक्टर 34 चंडीगढ़ के मेला ग्राउंड में रविवार को होगा निरंकारी संत समागम**

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन छत्रछाया में सैक्टर 34 चंडीगढ़ के मेला ग्राउंड शाम माल के सामने के विशाल मैदान में रविवार 20, अक्टूबर को सन्त समागम का आयोजन होने जा रहा है जिसका समय बाद दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक होगा ।इस समागम में चडीगढ़, पंचकुला, मोहाली, जीरकपुर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल एवं आसपास के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होकर इस दिव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर सतगुरु के आशीषों से लाभान्वित होंगे।

सन्त समागमों की महत्ता को धर्म, ग्रंथों में भी विशेष रूप में वर्णित किया गया है। इसी पावन उद्देश्य को लेकर आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के नेतृत्व में ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी द्वारा इसे जन मानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत है ताकि हर इंसान मानवीय गुणों को धारण कर परोपकार युक्त जीवन जीये। चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज आदरणीय श्री ओ पी निरंकारी जी और संयोजको मुखियों व सेवादल के खेत्रीय संचालको और सेवादल के सदस्यों एवं भक्तों ने सामूहिक रूप में निरंकार प्रभु परमात्मा का सिमरन कर-के सेवा का आरंभ की गई समागम परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की साफ सफाई की जा रही है ताकि आने वाले सभी श्रद्धालु जन सतगुरु के पावन सानिध्य में बैठकर इस सत्य संदेश को श्रवण कर अपने अंतर्मन में सुकून की अनुभूति कर सके। ओ पी निरंकारी जी ने सभी नगरवासियों को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी इस विशाल संत समागम में सम्मिलित होकर सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के दिव्य दर्शनों और उनके अमोलक प्रवचनों से प्रेरणा प्राप्त करके अपने जीवन को सार्थक बनाये।

# चोरी की स्कूटीयों और मोबाइल फोन सहित दो आरोपित काबू

सिटी दर्पण
मोहाली



मोहाली के फेस-11 की पुलिस ने चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफतार करने में सफतला हासिल की है । गिरफतार किए गए आरोपितों की पहचान नीरज निवासी अंब साहिब कालोनी फेस-11 और रणजीत सिंह निवासी भिंडर कालोनी पटियाला के तौर पर हुई है । इस मामले में फेस-11 पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी गगनदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नीरज नाम का व्यक्ति चोरी की स्कूटरी बेचने के फिराक में हैं, जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक नाकाबंदी के जरिए नीरज को चोरी की स्कूटरी सहित काबू कर लिया ।उन्होंने बताया कि नीरज से पूछताछ में यह बात सामने आई कि रणजीत सिंह नाम का व्यक्ति भी उसके साथ उक्त काम में शामिल है जिस पर पुलिस ने कार्रवाही करते हुए रणजीत सिंह के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी करके उसे भी गिरफतार कर लिया । थाना प्रभारी ने बताया कि रणजीत सिंह निशानदेही पर पुलिस ने उसके पास से चोरी की एक स्कूटरी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है ।उन्होंने बताया कि आरोपितों के खिलापफ मामला दर्ज करके उनको अदालत में पेश किया गया जहां अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

# पंजाब की मंडियों में धान की बंपर आमद शुरूः बरसट

## केंद्र सरकार समय पर चावल और गेहूं का भंडार जल्दी उठाये, गोदाम करे खाली

सिटी दर्पण
मोहाली / चंडीगढ़

**किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी, मंडी बोर्ड के करीब 7727 कर्मचारी दिन-रात कर रहे हैं मेहनत**

**सामाजिक संगठनों और किसान यूनियनों से किसानों की फसल उठाने में सहयोग देने की अपील**



आम आदमी पार्टी, पंजाब के प्रदेश महासचिव और पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचंद सिंह बरसट ने बताया कि आज पूरे पंजाब में धान की बंपर फसल मंडियों में आनी शुरू हो गई है। भले ही इस बार फसल पिछले सीजन के मुकाबले 10-12 दिन देरी से है, लेकिन अब मंडियों में भारी मात्रा में फसल आ रही है। उन्होंने सभी आढ़तियों, मंडियों से संबंधित एजेंसियों, खासकर एफ.सी.आई., पनग्रेन, पनसप सहित सभी से अपील की है कि किसानों ने पिछले पांच महीनों से बहुत मेहनत करके अपनी फसल को बच्चों की तरह पाला है और इसकी खरीद में किसी भी किसान को कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंजाब के साथ किए गए भेदभाव के कारण ही आज पंजाब के शैलरों में लगभग 20 हजार मीट्रिक टन चावल स्टोर में पड़ा है। इसी तरह पंजाब के गोदामों में, चाहे वह गोदाम एफ.सी.आई., वेयरहाउस या कोई अन्य गोदाम हों, उनमें लगभग 150 लाख मीट्रिक टन चावल और गेहूं का भंडार पड़ा है। यह सारा भंडार, चाहे शैलरों का हो या गोदामों का, यह सारा एफ.सी.आई. का भंडार है, केंद्र सरकार का भंडार है और केंद्र सरकार की जिम्मेदारी थी कि इस भंडार को समय पर उठाती, लेकिन केंद्र की ओर से इसे नहीं उठाया गया। इस कारण शैलर मालिकों को समस्या हो रही है कि वे नए धान का चावल निकालकर कहां स्टोर करेंगे।

स. बरसट ने भरोसा दिलाते हुए बताया कि पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान लंबे समय से इस संबंध में केंद्र सरकार के साथ तालमेल बनाते रहे हैं, लेकिन पिछले समय में केंद्रीय खुराक सप्लाई मंत्री प्राद जोशी के साथ विशेष बैठक की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री की ओर से यह भरोसा दिलाया कि जल्द ही यह सारा भंडार यहां से उठाया जाएगा, जिसके लिए स्पेशल 20 ट्रेनें हर रोज चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री की ओर से आढ़तियों की आढ़त को 2% से बढ़ाकर 2.5% करने का भी आश्वासन दिया है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि जो चावल की आउट टर्न है, उसे 67% से 62% किया जाएगा, क्योंकि नई किस्म पीआर 126 से चावल कम निकलता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भले ही हमें यह भरोसा दिलाया हो, लेकिन हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार पूरी तेजी से इन सारे स्टोर/गोदामों को खाली करे और आढ़तियों का बकाया दे और किसानों, मजदूरों को सुविधाएं दे, क्योंकि पंजाब सरकार, माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की अगुवाई में सभी मंत्री, विधायक और संगठन के नेता इस काम में लगे हुए हैं कि मंडियों से फसल को अच्छी तरह से उठवाई जाए।

## संक्षिप्त-समाचार

### पेक में हुआ तीन दिवसीय कविता कार्यशाला का सफल

**चंडीगढ़**। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज ( पेक ) के हिंदी संपादक मंडल ने 14 से 16 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कविता कार्यशाला का सफल आयोजन किया, जो उनके ओआई लोकेश सर के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसमें दो प्रख्यात कवियों, डॉ. शम्स तबरेजी और डॉ. अनीश गर्ग, ने छात्रों को कविता लेखन और पठन की बारीकियों से परिचित कराया। डॉ. शम्स तबरेजी, जो अपनी गहन और भावपूर्ण कविताओं के लिए प्रसिद्ध हैं, ने आत्म-अभिव्यक्ति के महत्व और शब्दों की शक्ति पर चर्चा करते हुए कार्यशाला की शुरूआत की। उन्होंने छात्रों को अपनी आंतरिक सोच और भावनाओं को कविता के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया, ताकि यह कला उनके व्यक्तिगत अनुभवों का प्रतिबिंब बने। डॉ. अनीश गर्ग, जो काव्य तकनीकों में अपनी महारत के लिए जाने जाते हैं, ने छात्रों को कविता के तकनीकी पहलुओं जैसे ताल, छंद और चित्रण से परिचित कराया। उन्होंने इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किए, जहाँ प्रतिभागियों ने विभिन्न कविताओं में गहरे अर्थों की परतों की पहचान और सराहना करना सीखा। इस कार्यशाला ने सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अभ्यास का संतुलित मिश्रण प्रदान किया, जिससे छात्रों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन में अपनी कविताएं लिखने का अवसर मिला। कार्यशाला के अंत तक, प्रतिभागियों ने अपनी लेखन क्षमता में अधिक आत्मविश्वास महसूस किया और इस अवसर के लिए प्रशंसा व्यक्त की कि उन्हें इतने कुशल कवियों से सीखने का अवसर मिला। यह आयोजन अत्यंत सफल रहा, जिसने छात्रों को प्रेरित और उत्साहित किया, और उनकी काव्य यात्रा को जारी रखने की नई ऊर्जा प्रदान की।

### महिला की ढाई तोले की सोने की चेन छीनकर आरोपी फरार

**मोहाली**। मोहाली में एक महिला से स्नैचिंग का मामला सामने आया है। महिला की ढाई तोले की सोने की चेन छीन कर आरोपी फरार हो गए हैं। घटना का सीसीटीवी वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला मोहाली में चर्चा का विषय बना गया और लोग आए दिन हो रही स्नैचिंग पर काफी चिंतित हैं ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि महिला मोहाली के फेस-3ए में अपने महिला दोस्त के घर आई थी और बाजार से शॉपिंग करके घर जा रही थी कि उसी समय पहले से उसकी रेकी कर रहे स्नैचर ने उसकी सोने की चैन छीन कर मौके से फरार हो गए, लेकिन पूरी घटना पास लगे सीसीसीटी कैमरे में कैद हो गई ।

### घर में की गई हवाई फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल

**मोहाली**। पंजाब के मोहाली जिले के बाकरपुर गांव में बुधवार की रात एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में की गई हवाई फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। आरोपी की पहचान रणजीत सिंह उर्फ बिल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने वीडियों वायरल होने के बाद आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर अगली कार्रवाही शुरू कर दी है।

### 28 अक्तूबर तक बंद रहेगी सड़क

**चंडीगढ़**। नगर निगम चंडीगढ़ की ओर से सेक्टर 46/47 के साइकिल ट्रैक से लेकर सेक्टर 46/47/31/32 के राउंड अबाउट और छोटे चौक तक 800 मिमी आई/डी एमएस पाइप लाइन का कार्य किया जा रहा है। इस कारण से, सेक्टर 46/47 की डिवाइडिंग रोड की ओर जाने वाली सड़कों को शुक्रवार से 28 अक्तूबर तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक बंद रखा जाएगा। नगर निगम ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें। इस पाइपलाइन कार्य से जुड़े सुधारात्मक कार्य पूरे होते ही सड़कों को पुनः खोला जाएगा। निगम का कहना है कि यह कार्य क्षेत्र में जलापूर्ति की सुचारू व्यवस्था के लिए जरूरी है, और अस्थायी परेशानी को ध्यान में रखते हुए जनता से सहयोग की उम्मीद की जा रही है।

# विधायक ने दूसरे दिन भी मोहाली के गांवों में नवनिर्वाचित पंचायतों को सम्मानित किया

## ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दें सरपंच व पंचः कुलवंत

सिटी दर्पण
मोहाली



पंजाब भर में 15 अक्टूबर 2024 को हुए आम पंचायत चुनावों में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एस.ए.एस. मोहाली के अंतर्गत आने वाले गांवों में पंचायत चुनाव (सरपंच व पंच) शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। जिसके बाद चुनाव जीतने वाले सरपंच और पंचों का विधायक कुलवंत सिंह से मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है और नवनिर्वाचित सरपंच और पंच वीरवार को भी विधायक कुलवंत सिंह से मिलने उनके पार्टी कार्यालय पहुंचे ।

विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि बीती दिन 17 गांवों की पंचायतें हलका विधायक से मिलीं और आज 18 गांवों कंडाला, स्नेटा, लखनौर, रायपुर, बल्लो माजरा, बड़माजरा, तंगौरी, कंबाला, ग्रीन एन्क्लेव, चप्पडचिडी खुर्द, भागोमाजरा, मानकपुर कल्लर, सफीपुर, चाचू माजरा, दुराली, नानू माजरा, सेखों माजरा और मौजपुर के लोगों द्वारा चुने गए पंचायतों के सरपंच और पंचों ने हलका विधायक से मुलाकात की और शांतिपूर्वक और बिना किसी भेदभाव के चुनाव कराने के लिए सरकार खासकर हलका विधायक का धन्यवाद किया।

इस मौके पर हलका विधायक ने कहा कि हलका एस.ए.एस. नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले 73 गांवों में से 70 गांवों में चुनाव हुए, जिनमें से 11 पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गई हैं, 4 गांवों में सरपंच सर्वसम्मति से चुने गए हैं और 471 पंचों में से 191 पंच सर्वसम्मति से चुने गए हैं सर्वसम्मति और वोटों से चुनी गई 70 पंचायतों में से 63 पंचायतें आम आदमी पार्टी की विचारधारा और नीतियों का पालन करती हैं।

विधायक कुलवंत सिंह ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी और गांवों में शांति बनाए रखने के लिए सभी मतदाताओं और आम नागरिकों को भी धन्यवाद दिया। विधायक कुलवंत सिंह ने चुनाव नतीजों के बाद लगातार दूसरे दिन अपने कार्यालय पहुंचे बड़ी संख्या में सरपंचों और पंचों से अपने गांवों के विकास को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरपंच किसी एक पार्टी का नहीं होता बल्कि वह पूरे गांव का सरपंच होता है ।इसलिए गांव का विकास बिना किसी भेदभाव के किया जाना चाहिए, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो और धन का उपयोग केवल उन्हीं कार्यों में किया जाना चाहिए जो जनहित में किए जाने जरूरी हैं, ताकि विकास के साथ-साथ विकास भी हो सके। आपसी समुदाय भी मजबूत हो और ग्रामीणों को अधिक से अधिक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जाए।

# सेक्टर-46 कम्युनिटी सेंटर के हॉल में कार्यक्रम के दौरान आवाज नहीं गूंजेगी बाहर, बनेगा साउंडप्रूफ

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



नगर निगम की ओर से सेक्टर-46 के कम्युनिटी सेंटर के हॉल को साउंड प्रूफ किया जाएगा। इसके अलावा वहां टेबल टेनिस लॉन, जिम रूम, योगा रूम और रीडिंग रूम को भी साउंड प्रूफ किया जाएगा और यहां मरम्मत का काम होगा होगा। इसके लिए नगर निगम की रोड विंग की डिविजन नंबर टू की ओर से 40 लाख 41 हजार 824 का टेंडर कॉल किया जा चुका है। कम्युनिटी सेंटर काफी पुराना बना हुआ है इसकी रेनोवेशन का अब काम शुरू होने लगेगा। इसमें हॉल, रीडिंग रूम, जिम रूम, टेबल टेनिस लान रूम को साउंड प्रूफ किया जाएगा। इसके बाद कम्युनिटी सेंटर में कोई कार्यक्रम होने पर आस पास के निवासियों को शोर सुनाई नहीं देगा। न ही कार्यक्रम करवाने वालों की आवाज गूंजेगी। इससे आसपास के लोगों की ओर से काफी समय से उठाई जा रही मांग पूरी जाएगी। कम्युनिटी सेंटर में कोई भी कार्यक्रम करते समय हॉल और कमरों की आवाज बाहर गूंजती है। इस वजह से कार्यक्रमों के समय आस-पास के निवासियों की शोर होने की शिकायत मिलती रहती है। लोगों की शिकायत को देखते हुए एरिया काउंसलर गुरप्रीत सिंह गाबी ने कम्युनिटी सेंटर की रेनोवेशन के साथ ही साउंड प्रूफ करवाने के लिए निगम कमिश्नर को पत्र लिखा था। कमिश्नर के कहने पर ही निगम अधिकारियों द्वारा कम्युनिटी सेंटर की रेनोवेशन का एस्टीमेट बनाया गया। इसे फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी आर निगम हाउस से मंजूर करवाया गया। हालांकि निगम के पास फंड की कमी के चलते भी निगम कमिश्नर द्वारा इसके टेंडर कॉल करने की एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल दी गई।

**आयोजन**

## सम्मेलन में प्रमुख विशेषज्ञों, शोधकताओं और छात्रों को मैटीरियल साइंस में सफलताओं की खोज करने और सहयोगात्मक चचाओं को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया गया

# मेडिकल साइंस में प्रगति पर एसडी कॉलेज में आयोजित हुआ 6 वां राष्ट्रीय सम्मेलन

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

**मैटीरियल साइंस में सफलताओं की खोज करने के लिए सम्मेलन में एक साथ आए विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र**




सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फिजिक्स क्लब- बोसोन्स की ओर से इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ( आईआईसी ) के सहयोग से मेडिकल साइंस में हालिया प्रगति पर 6 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन चंडीगढ़ प्रशासन के साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं रिन्यूएबल एनर्जी विभाग द्वारा प्रायोजित था तथा इसमें डीबीटी बिल्डर योजना का सहयोग भी था। इस सम्मेलन में प्रमुख विशेषज्ञों, शोधकताओं और छात्रों को मैटीरियल साइंस में सफलताओं की खोज करने और सहयोगात्मक चचाओं को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी की पूर्व कार्यकारी निदेशक तथा पंजाब बायोडायवर्सिटी बोर्ड की सदस्य सचिव डॉ. जतिंदर कौर अरोड़ा के मुख्य भाषण से हुआ। डॉ. अरोड़ा ने राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप अनुसंधान के महत्व पर बल दिया, विशेष रूप से सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजिस और मैटिरियल्स के विकास में। इस सम्मेलन में कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

सीएसआईआर-नेशनल फिजिकल लैबोरेटरी, नई दिल्ली के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट एवं प्रोफेसर (एसीएसआईआर) डॉ. बिपिन कुमार गुप्ता ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रकाशमान मैटीरियल्स के स्वदेशी विकास पर चर्चा की।

आईआईटी रोपड़ में फिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार ने सेंसर अनुप्रयोगों के लिए द्वि-आयामी सामग्रियों और हेटरोस्ट्रक्चर की क्षमता पर प्रस्तुति दी। एनआईटी कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर यशचंद्र द्विवेदी ने लैंथेनाइड-डोप्ड सामग्रियों के ऑप्टिकल मॉड्यूलेशन और फॉस्फोरसेंट मूल्यांकन पर अंतर्दृष्टि साझा की। सम्मेलन ने थ्योरिस्ट्स और एक्सपेरिमेंटलिस्ट्स को विचारों के आदान-प्रदान तथा उभरते अनुसंधान क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने मैटिरियल साइंस में नवीनतम रुझानों पर परस्पर संवादात्मक चर्चा की तथा वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए नई सामग्रियों के विकास हेतु रणनीतियों की पहचान की।

जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी की प्रेसिडेंट वैशाली शर्मा ने सम्मेलन के मुख्य पैटर्न की भूमिका निभाई, जबकि प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने पैटर्न की भूमिका निभाते हुए सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय शर्मा ने वैज्ञानिक आदान-प्रदान और नवाचार के लिए जीवंत वातावरण बनाने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की तथा इस बात पर बल दिया कि इस तरह के सम्मेलन अनुसंधान को आगे बढ़ाने और भावी वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के लिए आवश्यक हैं। जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के महासचिव डॉ. अनिरुद्ध जोशी भी इस दौरान उपस्थित थे और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आयोजन छात्रों में वैज्ञानिक मानसिकता को बढ़ावा देते हैं।

राष्ट्रीय सम्मेलन में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें कॉलेज और बाहर से शिक्षक, रिसर्च स्कॉलर्स और छात्र शामिल थे। कॉलेज के फिजिक्स विभाग की अध्यक्ष और सम्मेलन की संयोजक डॉ. नीलू महाजन, सह-संयोजक डॉ. संजीव कुमार और आयोजन सचिव डॉ. कृति शर्मा ने प्रतिभागियों और सहयोगियों को उनके उत्साह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सम्मेलन के दौरान साझा की गई चचाएं और अंतर्दृष्टि अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने में योगदान देंगी।